वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 83 | शुक्रवार 21 जुलाई 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### जैन प्रतिष्ठान बंद रहे, स्कूल एवं निजी प्रतिष्ठानों पर भी नहीं गये लोग

## “किसी भी धर्म गुरूओं पर आंच आएगी तो हम एक हैं”

### मौन रहकर भी अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है जैन समाज। मुनिश्री कामकुमार नन्दी जी महाराज की हत्या से जैन समाज में रोष व्याप्त-अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा हो: अशोक पाटनी



**जयपुर. कासं**

राजस्थान जैन सभा, अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी, मुनिसंघ प्रबन्ध समिति के आह्वान पर सकल जैन समाज भट्टारक जी की नसियां में एकत्रित हुआ। सभी साधु-संतों के प्रति अपनी श्रद्धा और भावनाओं को व्यक्त करते हुए सरकार को बाध्य करा कि भविष्य में ऐसे कृत्य की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए सब एकजुट नजर आए। सभा के प्रारम्भ में उपस्थिति जनसमूह को सुधान्शु कासलीवाल ने सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत की वसुंधरा धर्म गुरुओं के आधार पर ही जीवित और जयवंत रही है और इसी वसुंधरा पर मुनिश्री 108 कामकुमार नंदी जी महाराज की निर्मम हत्या हो जाना शर्मनाक कृत्य है। शासन-प्रशासन समाज मौन धारण करके बैठा है। उसके बाद किशनगढ़ से पधारे अशोक पाटनी ने सभा को जब सम्बोधित किया तब लोगों की भीड में एक नया जोश भर गया। अशोक पाटनी ने कहा कि मुनिश्री कामकुमार नन्दी जी महाराज की हत्या से जैन समाज में रोष व्याप्त है, अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा होनी चाहिए। इसके बाद सुधान्शु कासलीवाल, अशोक पाटनी, विवेक काला, पुनित कर्णावट, शान्ति कुमार जैन, संजय बाफना, सुनील कोठारी, परमात्मप्रकाश भारिल्ल, शीला जैन डोड्या, प्रमोद पहाड़िया ने अपने-अपने उद्बोधन में जिस प्रकार एक साधु की निर्मम तरीके से हत्या की गई श्रमण परम्परा के लिए, ऋषि-मुनियों की परम्परा के लिए एक कलंक बताया। इस भोगीवादी दुनिया में योगवादी को जिन्दा रखने के लिए साधु साधना करता है। जैन समाज की इस वेदना को समझने के लिए आज वैश्य समाज एवं कई समाजों ने खुलकर समर्थन किया। प्रारम्भ में युवा गायक डॉ. गौरव सौगानी ने जैन समाज की यही पुकार-मुनियों को सुरक्षा दे सरकार भजन की प्रस्तुति दी। इसके पश्चात सुधान्शु कासलीवाल, विवेक काला, उमरावमल संघी, महेश काला, सुनील बख्शी, सुभाष जैन जौहरी, एस.के.जैन, रूपिन काला, राजकुमार कोठ्यारी, ओमप्रकाश काला, शैलेन्द्र गोधा, पुनित कर्णावट, सुनील कोठारी, भारतभूषण अजमेरा, पदम चन्द बिलाला, शीला डोड्या, नरेश कासलीवाल, अशोक जैन, रूपेन्द्र



छाबड़ा अशोक, जे.के. जैन किरण जैन, ज्ञानचन्द झांझरी, सुरेन्द्र पाण्ड्या, मुकेश सौगानी, सुधीर गोधा, संजय बाफना, मुकेश जैन, प्रदीप जैन, रमेश गंगवाल, राकेश छाबड़ा, भानू कुमार छाबड़ा, लाला, राजेश बड़जात्या, भागचन्द जैन, रमेश तिजारिया, राजेश गंगवाल, महावीर सुरेन्द्र, अनिल छाबड़ा ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री, कलेक्टर, विधानसभा अध्यक्ष को ज्ञापन दिया गया। इससे पूर्व मनीष चौधरी ने णमोकार का सामूहिक रूप से पाठ करवाया। आज विशेष बात रही कि महेश काला, भानू कुमार छाबड़ा, राकेश छाबड़ा ने नेतृत्व में जयपुर की सबसे पुरानी संस्था श्री वीर सेवक मण्डल के सदस्य उनकी परम्परागत वेशभूषा में विशेष दल के साथ शहरों एवं कॉलोनियों में प्रतिष्ठान को बंद करने के लिए गए।



# दिगंबर जैन संत की जघन्य हत्या से जैन समाज आक्रोशित






## राष्ट्रपति प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम उप जिला कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन

**गंगापुर सिटी. शाबाश इंडिया**

गत 5 जुलाई को कर्नाटक प्रांत के बेलगांव जिला स्थित चिक्कोडी ग्राम में स्थित नंदी पर्वत पर पारसनाथ धाम में चतुर्मास कर रहे दिगंबर जैन आचार्य 108 श्री काम कुमार नंद जी महाराज की हुई जघन्य हत्या के विरोध में आज सकल जैन समाज द्वारा उप जिला कलेक्टर कार्यालय के समक्ष जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया एवं इस अवसर पर उप जिला कलेक्टर नरेंद्र मीणा को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री कर्नाटक सरकार के नाम ज्ञापन सौंप हत्यारों को कठोरतम सजा देने ,पूरे प्रकरण की सुनवाई फास्ट ट्रैक के माध्यम से करने, जैन संस्कृति जैन धर्म जैन तीर्थों और जैन संतों की रक्षा के लिए जैन संरक्षण बोर्ड का गठन करने की मांग की गई। इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष प्रवीण जैन गंगवाल व श्वेतांबर जैन समाज के अध्यक्ष रितेश पल्लीवाल ने कहाकी आज पूरे प्रदेश में ही नहीं पूरे देश में जैन समाज इस घटनाक्रम को लेकर आक्रोशित है। अभी हमारा आंदोलन शांतिप्रिय है यदि समय रहते हुए इस बारे में सरकार ने कठोरतम कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन का स्वरूप भी बदलेगा जैन समाज शांत नहीं बैठेगा। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के रीजन उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन ने कहा कि यह देश श्रमण संस्कृति का देश है और सामाजिक विविधता होने के बावजूद भी सभी धर्मों के साधु संत का प्रभाव समाज पर रहता है और यह सभी साधु संत इस देश की धरोहर है इनकी सुरक्षा व्यवस्था करना भी सरकार का कार्य है। जैन साधु जो निरंतर पद विहार करते हुए गांव गांव नगर नगर जाकर जियो और जीने दो, अहिंसा का संदेश देते है उनकी सुरक्षा के लिए सरकार को उचित कदम उठाना चाहिए। गांधीवादी विचारक एवं गांधी विचार मंच के संयोजक विकास जैन ने आक्रोशित सुर में कहा कि जैन समाज इस तरह की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं करेगा। सरकार शीघ्र ही इस बारे में उचित कार्रवाई करें। इस अवसर पर सकल जैन समाज की ओर से उप जिला कलेक्टर नरेंद्र मीणा को प्रधानमंत्री राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री कर्नाटक सरकार के नाम ज्ञापन सौंपे गए। जैन समाज के उपस्थित सदस्यों ने अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी करते हुए कचहरी रोड पर रैली निकाली इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष प्रवीण जैन गंगवाल कोषाध्यक्ष देवेंद्र जैन श्वेतांबर जैन समाज के अध्यक्ष रितेश पल्लीवाल श्री श्वेतांबर नवयुग मंडल के महामंत्री हेमंत जैन दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के रीजन उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन नृपत्या कैलाश चंद जैन राजेंद्र गंगवाल धर्मेंद्र जैन पांड्या विकास जैन नरेंद्र जैन टेलीफोन वाले डा पीसी सेठी सतीश जैन पांड्या सौरभ गंगवाल रविंद्र पांड्या विकास पांड्या अंकित जैन आलोक जैन कबाडी लोकेश सोगानी सुभाष जैन सोगानी नीरा गंगवाल ममता पांड्या निशा पांड्या शशि जैन सुनीता जैन अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई की जिला अध्यक्ष रीना पल्लीवाल स्वीटी जैन चारुल पांड्या रचना जैन शकुंतला जैन रमेश जैन पूर्वजिला शिक्षा अधिकारी अभिनंदन जैन योगेंद्र जैन अरिहंत जैन अंशुल जैन सुमेर चंद जैन जगदीश जैन अरिहंत स्कूल महेंद्र जैन शालू गंगवाल दिनेश जैन भगवान सहाय जैन संजीव जैन विमल जैन सतीश जैन पारस चंद जैन अनिल जैन धर्मेश जैन पारसमल जैन कंपाउंडर हेमंत अशोक जैन सहित सैकड़ों जैन बंधु उपस्थित थे।

# जैन सन्त आचार्य कामकुमार महाराज की निर्मम हत्या के विरोध में निवाई बंद रखकर मौन जुलूस निकाला गया

## अग्रवाल सेवा सदन पर प्रधानमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को सर्व समाज ने ज्ञापन सौंपा

**विमल जौला. शाबाश इंडिया**



**निवाई।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में जैन सन्त आचार्य कामकुमार नन्दी महाराज की निर्मम हत्या के विरोध में गुरुवार को सर्व समाज ने प्रतिष्ठान बंद रखकर मौन रैली निकालकर प्रधानमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला व राकेश संधी ने बताया कि कर्नाटक राज्य में आचार्य श्री कामकुमार नन्दी महाराज की निर्मम हत्या के विरोध में निवाई मे विराजमान जैन मुनि शुद्ध सागर महाराज के सानिध्य में सकल दिगम्बर जैन एवं सर्व समाज के द्वारा मौन रैली निकाली गई इस दौरान नायब तहसीलदार को राष्ट्रपति, कर्नाटक के मुख्यमंत्री, राजस्थान मुख्यमंत्री, एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। जौंला ने बताया कि गुरुवार को ज्ञापन से पूर्व जैन नसियां मंदिर सन्त निवास मे जैन समाज के सानिध्य में विनयांजलि सभा आयोजित की गई। जौंला ने बताया कि इसके बाद विशाल मौन जुलूस नसियां मंदिर से रवाना होकर खारीकुंई चोहट्टी बाजार बिचला मंदिर बिलाला चोक सब्जी मंडी बडा.बाजार अहिंसा सर्किल भगवान महावीर मार्ग स्थित अग्रवाल सेवा सदन पर नायब तहसीलदार को प्रधानमंत्री के नाम सर्व समाज के लोगों द्वारा ज्ञापन सौंपा है। जैन सन्त आचार्य कामकुमार नन्दी महाराज की हत्या के विरोध में सर्व समाज के लोगो मे भारी आक्रोश व्याप्त है। इस अवसर पर पण्डित सुरेश कुमार शास्त्री महावीर प्रसाद पराणा पवन बोहरा विष्णु बोहरा पुनित संधी अमित कटारिया नवरत्न टोंग्या सुनील गिन्दोडी. हेमचंद संधी हितेश छाबड़ा जितेन्द्र चंवरिया मनोज पाटनी नितिन छाबड़ा महेन्द्र चंवरिया त्रिलोक सिरस त्रिलोक पांडया विमल सोगानी त्रिलोक रजवास गब्बू झिलाय हेमंत चंवरिया रामपाल चंवरिया प्रेमचंद गिन्दोडी. सोभागमल सोगानी अतुल ठोलिया शशी सोगानी उर्मिला सोगानी संजू जौंला गुडडी सिरस सुमन सोगानी ममता गिन्दोडी.सुनिता गिन्दोडी.सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

## भारतीय जैन मिलन में मनीष विद्यार्थी बने क्षेत्रीय संयोजक एवं मीडिया प्रभारी



**सागर. शाबाश इंडिया**

भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 10 में, राष्ट्रीय मंत्री अतिवीर एड. कमलेन्द जैन, क्षेत्रीय अध्यक्ष अतिवीर अरुण चंदेरिया, राष्ट्रीय संयोजक प्रचार-प्रसार महेश जैन पीएचई की अनुशंसा में वीर मनीष जैन विद्यार्थी नेहानगर सागर को क्षेत्र क्रमांक 10 का मीडिया प्रभारी एवं संयोजक शाखा विस्तार मनोनीत किया गया ।मनोनयन के बाद मुख्य रूप से बधाई देने वालों में पंकज जैन छतरपुर, प्रमोद जैन गट्टू बड़ामलहरा, डॉ. जिनेंद्र जैन, श्रीमती नेहा जैन शाहगढ़, मनीष सेठ नेहानगर आदि ने बधाइयां दी।

## जैनाआचार्य कामकुमार नंदीजी महाराज की हत्या के विरोध में दिया ज्ञापन

### निर्मम हत्या के विरोध में फागी जैन समाज के सभी प्रतिष्ठान रहे बंद। संतो की सुरक्षा को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर बने ठोस कानून



**फागी. शाबाश इंडिया।** कस्बे में आर्यिका श्रुतमति माताजी, आर्यिका सुबोध मति माताजी के पावन सानिध्य में कर्नाटक में हुई मुनिराज की निर्मम हत्या के विरोध में पूरे उपखंड के जैन समाज ने भारी रोष व्यक्त किया और कार्यक्रम में फागी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान सुकुमार झंडा ने बताया कि कर्नाटक में जैन आचार्य श्री कामकुमार नंदीजी मुनि राज की निर्मम हत्या को लेकर स्थानीय जैन समाज सहित परिक्षेत्र के सारे समाज में रोष व्याप्त है। उक्त कार्यक्रम में चकवाडा, चौरू ,नारेडा ,मंडावरी, डालनिया, मेहंदवास, निमेड़ा, लदाना तथा गोहन्दी सहित पूरे जैन समाज के श्रावकों ने पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से हत्या के विरोध में हाथों पर काली पट्टी बांध कर विशाल मोन जुलूस निकाला और यह जुलूस पंचायत समिति के प्रांगण में पहुंचा जहां पर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महावीर झंडा, सरावगी समाज के अध्यक्ष महावीर अजमेरा, वरिष्ठ एडवोकेट विनोद जैन चकवाडा, फागी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान सुकुमार झंडा, तथा चातुर्मास कमेटी के अध्यक्ष अनिल जैन कठमाणा की अगुवाई में उक्त निर्मम हत्या के विरोध में फागी उपखंड अधिकारी को भारत के प्रधानमंत्री, राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री, राजस्थान के राज्यपाल, कर्नाटक सरकार के मुख्यमंत्री, मानवाधिकार आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष, के नाम ज्ञापन दिया गया, जैन महासभा के प्रतिनिधि राजा बाबू गोधा ने अवगत कराया कि उक्त ज्ञापन में बताया गया कि कर्नाटक में जैन मुनि कामकुमार नंदी जी मुनिराज की 5 जुलाई को निर्मम तरीके से हत्या कर हत्यारों ने मृत शरीर के टुकड़े -टुकड़े कर बोरवेल में डाल दिए जिससे संपूर्ण भारत में नही पूरे विश्व के जैन समाज में रोष व्याप्त है। हम आपके मार्फत भारत सरकार से अपील करते हुए यह मांग करते हैं कि सरकार द्वारा देश भर में जैन साधुओं की सुरक्षा को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर ठोस कानून बनना चाहिए ,सभी जैन संतो को एवं जैन उपाश्रय, जैन मंदिरों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए, हर राज्य में जैन समाज की विभिन्न समस्याओं के निर्धारण के लिए , तथा समाज के उत्थान एवं विकास के लिए जैन विकास आयोग का गठन किया जाए।




# अशोक नगर जिला मुख्यालय स्वयं प्रेरित ऐतिहासिक बंद रहा

## ये संत पर नहीं भारतीय अस्मिता पर हमला है इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा: विधायक जज्जी

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया।** जैन पंचायत के तत्वावधान में अशोक नगर ऐतिहासिक बंद रहा सातों समाजों विश्व हिन्दू परिषद वंजरंग दल ब्रह्मण रधुवंशी यादव मुस्लिम समाज पंजाबी नाथ योगी समाज सहित जैन समाज के सभी युवा संगठनो महिला मंडल ने अपनी उपस्थिति अन्य समाजो भर पूर समर्थन के साथ बंद रखते हुए मौन रैली में भाग लेकर कराई। रैली के पहले सुभाष गंज में धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए आचार्य श्रीआर्जवसागर जी महाराज ने कहा कि आज शान्ति प्रिय जैन समाज को सड़को पर आने और बंद करना पड़ रहा है। जिस तरह से कर्नाटक की घटना घटी हैं ऐसी घटनाएं कभी ना हो जैन साधु तो हरि धास पर भी नहीं चलते फिर भी ये कृत्य सामने आना दुखद है साधु संत तो मानव ही नहीं जीव मात्र की भलाई में लगे रहते हैं इस दौरान प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भइया ने रैली के संवंध में निर्देश दिए। ये रैली सुभाषगंज विद्यासागर दार रशीला चौक भगवान महावीर मार्ग होते हुए गांधी पार्क पर पहुंच कर विनांजलि सभा में बदल गई ।

### सभी समाजों के साधु संतों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए...

जहां मध्य प्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने इस संबंध में शहर के हृदय स्थल गांधी पार्क पर कनार्टक में जैन संत की निर्मम हत्या के विरोध स्वरूप व आगे सभी संतों की सुरक्षा को प्राथमिकता से सरकार निश्चित करने के निवेदन की बात रखी दर्शनोदय थूवोनजी के महामंत्री विपिन सिंघाई ने कहा कि यहां शान्ति पूर्ण बंद सभी समाजों के सहयोग के कारण सफल हुआ। मुस्लिम समाज के अध्यक्ष पप्पू टेलर ने कहा कि ये किसी साधु की नहीं भारतीय अस्मिता की हत्या है ऐसे लोगों को कड़ी सजा दी जानी चाहिए ।ब्रह्माण समाज से शन्टू शर्मा ने कहा कि ऐसे लोगों पर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर कठोर सजा



दी जाये। नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने कहा कि कर्नाटक में साधु की हत्या बहुत निंदनीय कृत्य है इसकी हम भत्सना करते हैं ऐसी घटनाएं फिर कभी ना हो ऐसी हम कामना करेंगे।

### संत किसी समाज की जगह सम्पूर्ण मानवता के लिए होते हैं...

विधायक जजपाल सिंह जज्जी ने कहा कि संत किसी समाज विशेष के नही वल्कि वे तो मानवता के लिए समर्पित होते हैं ये उन पर नहीं भारतीय अस्मिता पर हमला है इस तरह की घटनाएं भारत वर्ष में वर्दास्त नहीं करेगा ऐसे लोगों को फांसी की सजा भी कम है इस दौरान दर्शनोदय थूवोनजी के अध्यक्ष अशोक टिंगू मिल भाजपा पूर्व जिला महामंत्री डॉ जय मंडल यादव विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष दिनेश मैदपुर मंत्री रामकुमार चौधरी पंजाबी समाज अध्यक्ष तजिंदर सिंह मनीष भसीन नाथ सम्प्रदाय के रामनाथ सिंह ब्रहामण समाज से संन्टू जी शर्मा महेश त्यागी कांग्रेस नेता गोपाल कोल कांग्रेस जिलाध्यक्ष नेता प्रतिपक्ष रीतेश आजाद डॉ डी के जैन गिरीश अथाइखेडा महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष अनीता जैन दीप्ति सुराना ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## वेद ज्ञान

### सहजता सृष्टि के संचालन का आधार

सहजता सृष्टि के संचालन और समस्त कार्यप्रणालियों का आधार है। सहज आचरण जीवन को सार्थक बनाता है। सहज भाव निश्छलता, सत्य और सदाशयता के साहचर्य से सिंचित और पुष्ट होता है। जब मंशाओं में संदेह की गुंजाइश नहीं होगी तब छिपाने के लिए कुछ न होगा और कार्यों में पारदर्शिता स्वतः दिखेगी। यों भी, आवरण ओढ़ने, मुखौटे पहनने या तथ्यों को मरोड़ने या जोड़-घटाव की आवश्यकता स्वार्थ पूर्ति के लिए की जाती है। व्यक्ति के चहुंमुखी विकास की शर्त है कि आचरण, व्यवहार और संवादों को कृत्रिमता, आडंबर और उपक्रम से दूर रखा जाए। व्यवहार या संवाद सहज न होने पर भ्रांतियां और कटुताएं जन्मेंगी। अपार आत्मविश्वास और नैतिक बल से युक्त सहजभावी में कुटिलता, वैमनस्य या द्वेष भाव कमोबेश नहीं होते। आचरण, व्यवहार और संवादों को सहज रखना सामान्य बुद्धि के बूते में नहीं, इसके लिए ठोस प्रतिबद्धता और सुदीर्घ अभ्यास चाहिए। करामात हवा में उड़ने या पानी में चलने में नहीं, बल्कि जमीन पर चलने में है। इस चीनी कहावत का तात्पर्य है कि अथक साधना के उपरांत ही सहज मार्ग पर चलना संभव है। ज्ञान, विज्ञान, चिकित्सा, प्रौद्योगिकी, अध्यात्म आदि में जिन्होंने कीर्तिमान बनाए उनका स्वभाव बिंदास, उन्मुक्त और सरल रहा। उनमें कृतज्ञता भाव अहम रहा और उन्होंने दूसरों के प्रयासों का श्रेय लेना तो दूर, उनकी मुक्तकंठ से सराहना की। सोच और तौर-तरीकों में सहजता अपनाई जाए तो जीवन आनंदमय रहेगा। एन्नी गॉटलियर ने कहा कि दायित्व समझकर किया गया कार्य बोझ बन जाता है और जब वही कार्य स्वेच्छा से करें तो पता ही नहीं चलता। चित्त सहज रहेगा तो जीवन में अनिवार्यतः आती शंकाओं और प्रश्नों के समाधान मिलेंगे ही, अंदरूनी और बाहरी शांति भी बनी रहेगी। शिक्षण प्रक्रिया सहज व सुबोध न होने से विषय में रुचि जाग्रत नहीं होती और शिक्षार्थी पिछड़ सकता है। आइंस्टीन कहते थे कि विज्ञान की समस्त जटिल प्रक्रियाओं को सुबोध भाषा में समझाया जा सकता है। शिक्षक ऐसा करें तो सामान्य शिक्षार्थी भी कुशाग्रबुद्धि हो जाएंगे।

## संपादकीय

# राजनीति से ऊपर उठकर काम करें

दिल्ली में उपराज्यपाल और सरकार के बीच तकरार का सिलसिला थमने का नाम नहीं लेता। कोई न कोई मुद्दा लेकर दोनों अक्सर उलझे रहते हैं। सरकार कोई फैसला करती है और उपराज्यपाल उस पर रोक लगा देते हैं। उपराज्यपाल खुद सरकार के हिस्से का फैसला करने लगते हैं और दिल्ली सरकार उसे राजनीतिक रंग देकर उछालना शुरू कर देती है। आए दिन दोनों के झगड़े अदालत में खड़े मिलते हैं। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय ने आजिज आकर कहा है कि संवैधानिक पदों पर बैठे लोग राजनीतिक कलह से ऊपर उठ कर काम करें। मगर इस नसीहत पर मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल कितनी गंभीरता दिखाएंगे, कहना मुश्किल है। ताजा विवाद दिल्ली विद्युत नियामक आयोग यानी डीईआरसी प्रमुख की नियुक्ति को लेकर पैदा हुआ है। डीईआरसी प्रमुख का चयन दिल्ली सरकार ने कर दिया था, मगर उपराज्यपाल ने उस पर रोक लगा दी और केंद्र सरकार ने इस पद पर अपनी पसंद के व्यक्ति का चुनाव कर लिया। इसे लेकर दिल्ली सरकार अदालत में गई थी, जिस पर सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि दोनों पक्ष आपसी सलाह से इस मामले का निपटारा करें। मगर इसकी संभावना कम ही नजर आती है। दरअसल, केंद्र सरकार नहीं चाहती कि दिल्ली सरकार दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त दे। इसलिए वह अपनी पसंद के व्यक्ति को इस पद की जिम्मेदारी सौंपना चाहती है। डीईआरसी का गठन इसलिए किया गया था कि दिल्ली में एक से अधिक बिजली कंपनियां कारोबार कर सकें और उनमें प्रतिस्पर्धा बनी रहे, जिससे सस्ती दरों पर लोगों को बिजली मिल सके। बिजली दरों के निर्धारण और कंपनियों की गतिविधियों पर नजर रखने की जिम्मेदारी डीईआरसी को सौंपी गई थी। इसमें केंद्र का हस्तक्षेप आवश्यक नहीं था। मगर पिछले दिनों केंद्र सरकार ने अध्यादेश जारी करके दिल्ली सरकार के अधिकार क्षेत्र में आने वाली नियुक्तियों आदि से संबंधित अधिकार अपने हाथों में ले लिया था। उससे संबंधित याचिका पर सुनवाई अलग से चल रही है और सर्वोच्च न्यायालय ने उस मामले को संविधान पीठ के पास भेजने का संकेत दिया है। हालांकि दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच लंबे समय से चली आ रही तनातनी को सुलझाने के लिए भी मामला संविधान पीठ के पास गया था और उसने फैसला दिया था कि नियुक्तियों और सरकारी कामकाज संबंधी फैसले लेने का अधिकार चुनी हुई सरकार के पास है और उपराज्यपाल बिना सरकार की सलाह के कोई फैसला नहीं कर सकते। उसी के बाद केंद्र सरकार ने अध्यादेश के जरिए दिल्ली सरकार के वे अधिकार हस्तगत कर लिए। जबसे दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार आई है, लगातार उपराज्यपाल के साथ उसकी तकरार चलती रही है। जितने भी उपराज्यपाल आए, सभी ने चुनी हुई सरकार के काम में अड़ंगा डालने का प्रयास किया। वर्तमान उपराज्यपाल के समय यह कुछ अधिक देखने को मिल रहा है। पिछले दिनों दिल्ली सरकार द्वारा सलाहकार के रूप में नियुक्त सभी संविदा कर्मियों को उपराज्यपाल ने नौकरी से निकाल दिया। **-निरंतर**



## परिदृश्य

# आतंकी संगठन

यहां आतंकवाद का मुख्य कारण है कि इसे पर्दे के पीछे से संचालित करने वाले गिरोहों को कई बार वहां के कुछ स्थानीय लोगों का साथ मिल जाता है। हालांकि राज्य में आतंकवाद की समस्या के लंबे समय से बने रहने का खमियाजा लगातार उठाने के बाद वहां के ज्यादातर लोगों के बीच इसकी हकीकत और नतीजों को लेकर एक स्पष्ट राय बनी है और अब वे आमतौर पर आतंकियों का साथ नहीं देते हैं लेकिन कुछ लोग अब भी दुष्प्रचार के प्रभाव में आकर आतंकी संगठनों का मददगार बनने को तैयार हो जाते हैं। ऐसे ही तीन लोगों को जम्मू-कश्मीर सरकार ने नौकरी से बर्खास्त कर दिया है, जो आतंकवादियों के सहायक बने हुए थे। इनमें कश्मीर विश्वविद्यालय का एक जनसंपर्क अधिकारी, एक पुलिसकर्मी और एक राजस्व सेवा का अधिकारी शामिल हैं। बर्खास्त कर्मचारियों पर पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों के साथ काम करने, उनके लिए धन जुटाने और उनकी विचारधारा का प्रचार करने का आरोप है। यह न केवल उसी व्यवस्था के खिलाफ अभियान चलाना है, जो उनके जीवनयापन का जरिया भी है, बल्कि एक तरह से यह देश विरोधी गतिविधियों में भी शामिल होना है। ऐसे लोग आतंकवाद का सामना करने के सरकार के प्रयासों को एक तरह बाधित करते और इस समस्या को जटिल बनाते हैं। इसलिए अगर आरोपों की पुष्टि के बाद सरकार ने इनके खिलाफ कार्रवाई की है तो इसे एक स्वाभाविक प्रक्रिया कहा जा सकता है। हालांकि नौकरी से बर्खास्तगी ऐसी प्रवृत्ति के खिलाफ एक सख्त संदेश है, लेकिन जरूरत इस बात की भी है कि आतंकवाद की संगठित गतिविधियों को प्रत्यक्ष या परोक्ष मदद पहुंचाने की कोशिश में लगे ऐसे लोगों की पहचान करके उन पर लगातार नजर रखी जाए। दरअसल, पिछले कुछ सालों से आतंकवादी संगठनों के तंत्र को खत्म करने के मकसद से राज्य की पुलिस और सुरक्षा बलों ने जमीनी स्तर पर उनकी पनाहगाहों को खत्म करने की दिशा में भी काम किया है। इसके तहत स्थानीय आबादी में घुसपैठ करके लोगों को प्रभावित करने और उन्हें आतंकी संगठनों का मददगार बनाने की कोशिशों को रोकना एक अहम पहल थी। इस काम में सुरक्षा बलों को खासी कामयाबी भी मिली और स्थानीय लोगों ने आतंकवाद के खिलाफ एक ठोस मोर्चा बनाने में अपनी ओर से भी रुचि दिखाई। जाहिर है, यह स्थिति पाकिस्तानी ठिकानों से भारत के खिलाफ अपनी गतिविधियां संचालित करने वाले आतंकी संगठनों के लिए बड़ी अड़चन थी। शायद यही वजह है कि आतंकवादी संगठनों के कर्ताधर्ताओं ने सरकारी कर्मचारियों में अपनी घुसपैठ बनाई। अच्छी बात है कि खुफिया एजंसियों की नजर में कुछ लोग आ गए और उनके खिलाफ कार्रवाई हो सकी। लेकिन यह घटना इस जरूरत को रेखांकित करती है कि स्थानीय आबादी के बीच सद्भाव, सहयोग और विश्वसनीयता अर्जित करने के साथ-साथ अवांछित गतिविधियों में शामिल लोगों पर भी निगरानी रखी जाए। कई बार ऐसे भावुक और कमजोर मनस्थिति वाले लोगों को अपना सहारा बना कर आतंकी संगठन उनका बेजा इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा, जब ऐसे स्थानीय लोग खुफिया एजंसियों की नजर में आकर पकड़े जाते हैं तो आतंकी संगठन उन्हें उनके हाल पर छोड़ देते हैं। इसलिए एक ओर जहां सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर चौकसी और निगरानी तंत्र को हमेशा सक्रिय रखना चाहिए, वहीं आम लोगों को भी आतंकवादी संगठनों के प्रभाव से बचाने के उपाय होने चाहिए।

# हसमुख गांधी अल्पसंख्यक आयोग के सलाहकार पेनल में भारत सरकार द्वारा मनोनीत

**इन्दौर. शाबाश इंडिया**

जैन समाज के कर्मठ, सहज, सरल व्यक्तित्व के धनी वरिष्ठ समाजसेवी हसमुख जैन गांधी इन्दौर को भारत सरकार के अल्पसंख्यक आयोग में सलाह देने हेतु सामुदायिक (कम्यूनिटी) नेताओं की पेनल में सम्मिलित किया गया है। भारत सरकार के राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने एक पत्र जारी कर हसमुख जैन गांधी को इस आशय का पत्र जारी कर नियुक्ति प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि गांधी, विगत चार दशकों से समाजसेवा के कार्यों में संलग्न होकर अपने व्यापार व्यवसाय को शिखर पर पहुंचाने के साथ अनेकों संस्थाओं में अपनी ऊजार्वान सेवाएं प्रदान कर रहे है। जैन युवा रत्न, उद्योगरत्न, भूमि निर्माण अवार्ड जैसी अनेकों उपाधियों से सम्मानित आपको देश के सभी आचार्यों-मुनिराजों, आर्यिका माताजी, भट्टारक स्वामीजी का आशीर्वाद प्राप्त है। जैन जगत के सबसे बड़े आयोजन गोम्मटेश्वर भगवान बाहुबली स्वामी महामस्तकाभिषेक में 1992, 2006, 2018 में आपने अनेको जिम्मेदार पदों पर कार्य किया। साथ ही बावनगजा महामस्तकाभिषेक, कुण्डलपुर महोत्सव, हस्तिनापुर महोत्सव, मांगीतुंगी महामस्तकाभिषेक, जहाजपुर अतिशय क्षेत्र, पावागिरि ऊन सहित अनेक तीर्थों में आप सक्रिय पदाधिकारी होकर विकास कार्यों के प्रमुख सलाहकार भी है। व्यावसायिक क्षेत्र में कोल्ड चेन इण्डस्ट्री एशोसिएशन के अध्यक्ष, इन्दौर जिला उर्वरक संघ अध्यक्ष, फेडरेशन ऑफ कोल्ड स्टोरेज एसोशिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पद पर कार्य कर गांधी फर्टिलाइजर्स, गांधी कोल्ड स्टोरेज, इन्दौर फर्टिलाइजर्स का कुशल संचालन कर रहे हैं। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष (2017-18), शाश्वत तीर्थ क्षेत्र कमेटी सम्मेदशिखर जी में आप राष्ट्रीय पदाधिकारी है। इन्दौर दिगम्बर जैन समाज द्वारा एक वर्ष में आयोजित पांच से अधिक पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के अध्यक्ष के रूप में आपने अनेको सफल आयोजन संपन्न किए है। जैन तीर्थ यात्राओं में सर्वाधिक प्रचलित मार्गदर्शी पुस्तक जैन तीर्थ निर्देशिका के संपादक के रूप में आप स्थापित है। जिसकी नब्बे हजार प्रतियां प्रकाशित हो चुकी है। अनेको सम्मान के साथ कुशल वक्ता, कुशल संयोजक, जैन एकता के पक्षधर, पंथवाद - संतवाद - ग्रंथवाद से परे रहकर जिनागम की सेवा में हमेशा तत्पर रहने वाले श्री हसमुख जैन गांधी की इस उपलब्धि पर अनेक स्नेहीजनों ने उन्हें हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है ।



**श्री हसमुख जैन गांधी की इस उपलब्धि पर अनेक स्नेहीजनों ने उन्हें हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है...**

## निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ने कहा...

# एक लाख मालाओं से भी अधिक प्रभावकारी होती है दुश्मन के मुख से निकली गाली को समता पूर्वक सुन लेना




**आगरा. शाबाश इंडिया।** स्वतंत्रता के नाम पर स्वच्छंदता की उड़ान भरने वाले संसारी प्राणी के सम्बन्ध में हम समझ रहे है। अपनी जिंदगी का सबसे बड़ा पतन होता है जब तुम्हारे मन मे आये कि जब जो चाहूँ बस होना चाहूँ। तब विचार करना कि अब मेरे मिटने के भाव आ गए। धन आना चाहिए चाहे कैसे भी आये तो समझना तुम्हे भिखारी बनने का अभिशाप लगने वाला है। मेरे बड़ा कोई न नही हो,समझना तुम्हारे विनाश का समय आ चुका हूँ। तुम्हे कुछ भी नही सोचना है अच्छा भी नही,बुरा भी नही,शून्य पर आ जाओ।आंख बंद करो मुझे कुछ नही देखना,मुझे कुछ नही सुनना,मुझे कुछ नही करना।जैसे तुम ऐसे परिणाम पर आओगे तैसे ही तुम्हारी स्थिति इतनी विचित्र हो जाएगी कि तुम्हारे अंदर से एक अलौकिक शक्ति जागेगी। थोड़ी देर के लिए रोको,5 मिनिट के लिए। हमारी सारी शक्तियों पर जो कुठाराघात कर रहा है ये मन,वचन और काय। जितनी जितनी हम प्रवत्ति करेंगे उतनी उतनी आत्मा की शक्ति घटेगी। एक लाख मालाएं हम फेरे वो शक्ति अर्जित नही होगी और कोई दुश्मन मुझे गाली देवे और मैं समता से सुन लूँ तो 1 लाख मालाओं से ज्यादा प्रभावकारी वो है। घर से जब तुम मन्दिर आते हो तब तुम्हारे कितना बड़ा पुण्य का बिल बनता है,एक एक कदम मन्दिर की तरफ बढ़ता है उसका सातिशय पुण्य उदय में आया अर्थात खर्च हुआ तब तुम मन्दिर आ पाए। कितने जन्मों का कितना बड़ा पुण्य खर्च होता है तब भगवान का दर्शन होता है। जैसे ही तुम्हारे हाथ मे कलश आया कई जन्मों का पुण्य खर्च हो जाता है। मैं करूंगा भगवान से प्रार्थना कि तुम्हारे घर पर नौकर चाकर लग जाये लेकिन एक बात बताओ तुम्हारा काम जब तुम्हारे नौकर चाकर कर रहे है उससे जो समय बच रहा है वो समय तुम कहा लगाओगे। यदि पापों में,तो मैं भगवान से हमेशा प्रार्थना करूंगा तो मेरे भक्तों के घर कभी नौकर चाकर न लगे। संकलन-शुभम जैन 'पृथ्वीपुर'



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** समग्र जैन समाज के प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल के प्रधान सचिव सुबीर कुमार को जैन मुनि काम कुमार नंदी कि नृशंश हत्या के आरोपियों पर सख्त कार्यवाही के लिए राज्यपाल व राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व आईपीएस शांति कुमार जैन, सुनील बक्शी, सुधीर जैन गोधा, जेके जैन कालेडेरा,शीला ड्योडा, सुभाष जैन, मुकेश सोगानी, आईआरएस अनिल जैन,धर्म चंद पहाड़िया, किरण जैन शामिल थे।

# मानवता की शिक्षा देती है भागवत: श्री गिरिराज शास्त्री

## नौका विहार जल केली की मनोरथ की रोचक झांकी सजाई



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अधिक मास के अवसर पर श्री वल्लभ पुष्टिमार्गीय मंदिर प्रबंध समिति  व श्री पुष्टिमार्गोय वैष्णव मंडल,जयपुर के बैनर तले मोहनबाड़ी स्थित श्री गोवर्धननाथ जी मंदिर में श्री गोवर्धन नाथ जी प्रभु व मथुराधीश स्वामी प्रभु के मनोरथों के दर्शन व 56 भोग महामहोत्सव के तहत आयोजित श्रीमद भागवत कथा में गुरुवार को बड़ोदरा निवासी श्रीगिरिराज शास्त्री ने व्यास पाठ से कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का प्रत्येक प्रसंग हमें मानवता की शिक्षा प्रदान करता है। हमारा जीवन किस मार्ग से चले कि उसे लक्ष्य की प्रप्ति हो। उन्होंने आगे कहा कि श्री मद भागवत कथा मानव को मानवता ही नहीं बल्कि मानवता के साथ-साथ वैष्णवता और भगवत्ता की शिक्षा देकर इनका पात्र भी बनाती है जीव को। महापुराण का प्रारंभ करते हुए उन्होंने बताया कि माहात्य के प्रारंभ में ही श्री सूत महाराज ने श्री शुकदेव जी की वन्दना करते हुए लिखा है कि श्री शुकदेव जी ने जन्म लेते ही घर से वन की राह पकड़ ली और वन में जाकर भगवान की आराधना में लीन हो गए ऐसी आराधना भगवान की किया की भागवत और भगवान दोनों प्राप्त हो। उन्होंन९ कहा धर्म जगत में जितने भी योग, यज्ञ, तप, अनुष्ठान आदि किये जाते है उन सब का एक ही लक्ष्य होता है कि हमारी भक्ति भगवान में लगी रहे मैं अहर्निश प्रतिक्षण प्रभु प्रेम में ही समाया रहूं। संसार के प्रत्येक कण में हमें मात्र अपने प्रभु का ही दर्शन हो। श्रीमद्भागवत कथा श्रवण मात्र से भक्त के हृदय में ऐसी भावनाएं समाहित हो जाते हैं और मन, वाणी और कर्म से प्रभु में लीन हो जाता है। महोत्सव के तहत नौका विहार जल केली की मनोरथ की रोचक झांकी सजाई गई,जो भक्तों के बीच आकर्षण का केन्द्र रही। संयोजक नटवर गोपाल मालपानी ने बताया कि सुबह कार्यक्रम स्थल पर वाणारसी, मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन, गोकुल, सिरोंजी, जयपुर, बड़ौदा,जयपुर व सूरत से आए 131 विद्वानों ने श्रीमद भागवत के मूलपाठ किए। 28 जुलाई तक रोजाना



सुबह 6 से 1 बजे तक सस्वर मूलपाठ व कथा रोजाना दोपहर 2 बजे से साम 7 बजे तक होगी। महोत्सव के तहत 30 जुलाई को 56 भोग,31 जुलाई को मोती महल व मोती के महल का मनोरथ की झांकी सजाई जाएगी। समापन 1 अगस्त को कमल तलाई में छतरी का मनोरथ झांकी से होगा।

# सम्पूर्ण भरतपुर जिले में जैन समाज ने किया विरोध प्रदर्शन, दिए ज्ञापन



## विनियांजली सभा मे मुनि कामकुमार नंदी को दी श्रद्धांजलि

**भरतपुर. शाबाश इंडिया।** जिले की समस्त जैन समाजों ने स्थानीय स्तर पर अपने प्रतिष्ठान बंद रख मौन जुलूस निकालते हुए स्थानीय अधिकारियों को दिगंबर जैन आचार्य काम कुमार नंदी के हत्यारों को अति शीघ्र सजा दिलाने एवं अन्य मांगों का ज्ञापन देकर रोष प्रकट किया। जैन समाज से प्राप्त जानकारी के अनुसार जैन समाज भरतपुर ने अध्यक्ष पारस जैन के नेतृत्व में जिला कलेक्टर लोकबंधु को ज्ञापन दिया तो वही युवा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जैन जयपुर भी उपस्थित रहे। वही दूसरी और कस्बों में भी जैन व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान दुकान बंद रखें और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा कामां जैन समाज ने अध्यक्ष सुभाष चंद जैन के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकारी दिनेश शर्मा,डीग जैन समाज ने अध्यक्ष गोपाल प्रसाद जैन के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकारी रवि गोयल,बयाना जैन समाज ने अध्यक्ष प्रमोद जैन के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकारी अमीलाल यादव, सीकरी जैन समाज के अध्यक्ष संतोष जैन के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकारी सुरेंद्र कुमार,जुरहरा जैन समाज ने अध्यक्ष महेंद्र जैन के नेतृत्व में



नायब तहसीलदार हनीफ खान को भारत के राष्ट्रपति  द्रौपदी मुर्मु,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया के नाम ज्ञापन सौपा गया। विनियांजली सभा मे मुनि को दी श्रद्धांजलि कामा के बजे मती त्यागी आश्रम में दिगंबर जैन आचार्य काम कुमार नंदी महाराज को विद्यांजलि सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई सभा में सत्येंद्र प्रसाद जैन, दीपक जैन सर्राफ, संजय जैन सर्राफ,मनीषा जैन ने कहा कि यह घटना निंदनीय ही नही घोर निंदनीय है जो आजाद भारत को कलंकित करने वाली है। सभा का संचालन संजय जैन बड़जात्या ने किया।

# राज्यपाल ने कलाकार निरू छाबड़ा द्वारा चांवल पर सूक्ष्म लेखन कर बनाई कृति "पर्यावरण एक समग्र दृष्टि" का अवलोकन किया

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजभवन में कलाकार निरू छाबड़ा द्वारा चांवल पर सूक्ष्म लेखन कर बनाई कृति ''पर्यावरण एक समग्र दृष्टि'' का अवलोकन किया। कृति में 700 से अधिक चांवलो पर सूक्ष्म लेखन किया गया है। पर्यावरण एक समग्र दृष्टि के माध्यम से पर्यावरण के तत्व, रक्षा, रक्षा के परिणाम, विनाश के कारण, अविनाश के परिणाम को बताते हुए, वृक्षों के संरक्षण, सुरक्षा, समाधान, संवर्धन लिख कृति के माध्यम से पर्यावरण के महत्व को दर्शाया है।




# संत-साध्वी हमारी धरोहर उनके जीवन की रक्षा करनी होगी: साध्वी इन्दुप्रभाजी

## संतानों के साथ संत-साध्वियों के प्रति भी अपना दायित्व नहीं भूलें: दर्शनप्रभाजी म.सा.



**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। संत-साध्वी हमारे धर्म के रक्षक ओर समाज की धरोहर है। उनकी रक्षा तो हमे करनी होगी। इस तरह हत्या और दुर्घटना का शिकार होते रहे ओर हम चुप रहे तो क्या संदेश जाएगा। समाज को संदेश देना है हम अहिंसक है लेकिन कायर नहीं है। दिगम्बर जैन संत कामकुमार नंदी की निर्ममता से की गई हत्या स्तब्ध करने वाली है ओर समाज को एकजुट होकर इसका विरोध करना ही चाहिए। ये विचार शहर के चन्द्रशेखर आजादनगर स्थित स्थानक रूप रजत विहार में गुरूवार को मरूधरा मणि महासाध्वी श्रीजैनमतिजी म.सा. की सुशिष्या महासाध्वी इन्दुप्रभाजी म.सा. ने नियमित चातुर्मासिक प्रवचन में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि यदि हम साधु-संतों की रक्षा नहीं कर पाए तो समाज कैसे बचेगा ओर उसे मार्गदर्शन कौन प्रदान करेगा। साध्वीश्री ने जैन रामायण का वाचन करते हुए बताया कि बालि ने किष्किन्धा का राज्य अपने भाई सुग्रीव को सौंप दीक्षा अंगीकार कर ली। बालि धन्य है जिसने राज्य त्याग संयम जीवन स्वीकारा। जितना तन को तपाते है उतनी ही लब्धिया मिलती है। बालि संयम लेकर आत्मशोधन में लग गया। बालि मुनि को केवल ज्ञान की प्राप्ति भी हो गई। बालि ने ही रावण को काख में दबाकर धूमने के बाद उसे छोड़ते हुए रावण नाम दिया था। धर्मसभा में मधुर व्याख्यानी डॉ. दर्शनप्रभाजी म.सा. ने कहा कि संत-साध्वियों के कारण ही यह धरती सुरक्षित है। धरती की धरोहर धर्म का मार्ग दिखाने वाले संत-साध्वी है। समाज का कर्तव्य बन जाता है कि जब भी संत-साध्वियों की सुरक्षा पर खतरा आए पुरजोर तरीके से अपनी आवाज उठाएं।

# उदयपुर के समीप बनने वाले भव्य मंदिर में विराजेंगे बाबा श्याम

## मंदिर मॉडल का लोकार्पण व विशाल भजन संध्या 22 को

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

दुनिया के सुंदरतम शहरों में शुमार उदयपुर से करीब 10 किलोमीटर की दूरी (चित्तौड़ हाइवे) पर बाबा खाटू श्याम का विशाल और भव्य मंदिर का निर्माण की योजना साकार रूप लेगी। उसी मंदिर के मॉडल का लोकार्पण 22 जुलाई को श्री श्याम सावन उत्सव और श्री खाटू श्याम भजन संध्या के साथ विधिवत होगा। इसी के साथ मंदिर निर्माण की तैयारियां भी शुरू हो जाएंगी। श्री श्याम सेवा ट्रस्ट पदाधिरियों ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता में मंदिर निर्माण, मॉडल लोकार्पण तथा भजन संध्या के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान अध्यक्ष एसके खेतान ने बताया कि उदयपुर चित्तौड़ हाइवे पर करीब दस किलोमीटर दूर तुलसीदासजी की सराय के पास बाबा खाटू श्याम के भव्य मंदिर का निर्माण होगा। जिसके लिए करीब एक लाख स्क्वायर फीट जमीन आरक्षित की गई है। जिसमें खाटू श्याम के अलावा राणी सती दादी, भोलेनाथ, गणेशजी व हनुमानजी के मंदिर अंबाजी के सफेद मार्बल से बनाए जाएंगे। ट्रस्ट संरक्षक ज्ञानीराम अग्रवाल ने बताया कि इस मंदिर परिसर में धर्मशाला, गौशाला और गार्डन के लिए जमीन अलग से आरक्षित रखी गई है। इसके अलावा उन भक्तजनों के लिए भी पास में ही आवास निर्माण की योजना है जो बाबा श्याम की सेवा करना चाहते हैं। ट्रस्टी केएम जिंदल ने बताया कि मंदिर का निर्माण श्री श्याम सेवा ट्रस्ट द्वारा जनसहयोग से ऐसे भव्य मंदिर निर्माण की परिकल्पना है जो एक तीर्थ स्थल के समान बन सके। यहां भजन संध्याओं के लिए अलग से पांडाल निर्माण की जगह आरक्षित होगी।



### मंदिर के मॉडल का लोकार्पण व भजन संध्या 22 को

ट्रस्टी अमिताभ गोयल ने बताया कि खाटू बाबा के भव्य मंदिर का मॉडल शुक्रवार को उदयपुर पहुंचेगा। 22 जुलाई, शनिवार शाम 7 बजे ब्लैक 27 रिसोर्ट, (मेवाड हास्पिटल रोड, भुवाणा) में सायंकाल सात बजे झूलोत्सव में श्याम बाबा को भव्य श्रृंगार के साथ चान्दी के झूले पर विराजित किया जायेगा। इसी दौरान रात सवा आठ बजे मंदिर मॉडल का लोकार्पण श्रीधाम वृन्दावन आचार्य बृजेशजी महाराज करेंगे।

### कई ख्यात भजन कलाकार प्रस्तुति देंगे

ट्रस्ट कोषाध्यक्ष विष्णु रांदड ने बताया कि बाबा के दरबार को वृन्दावन के बांकेबिहारी मन्दिर की तरह कोलकाता के विशेष सुगंधित मोगरे के फूलो से सजाया जाएगा, जो उदयपुर वासियों के लिए आकर्षण का केन्द्र होगा। श्याम बाबा को बनारस के रंग बिरगां लहरिया धारण कराया जाएगा। झूलोत्सव को अपनी मधुर आवाज से सजाने के लिए कोलकता से विवेक शर्मा आ रहे हैं। भक्तों के विशेष आग्रह पर ढप चंग की ताल पर नृत्य के साथ बाबा को रिझाने जयपुर से मनीष घी वाला अपने टीम और नन्हे पुत्र मास्टर रेहांश के साथ आएंगे वहीं जयपुर की ही गायिका हेमलता खण्डेलवाल अपनी मखमली आवाज का जादू बिखेरेंगी। इनके साथ इन्दौर के लखन म्यूजिकल ग्रुप के साजिन्दे और स्थानीय कलाकार अनिल आनंद शर्मा, लता सोनी, प्रतीक माहेश्वरी, जमनाशंकर लोहार, इतिशा गोयल, अंजलि आचार्य व भावना शर्मा भी अपनी गीत संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। ट्रस्ट से जुड़े प्रताप कानोडिया व उमेश दाधीच ने बताया कि बारिश का मौसम देखते हुए भजनसंध्या के लिए अनिल वैद (सजावट वाले) वाटरप्रूफ डोम के निर्माण में दिनरात जुटे हैं।

रिपोर्ट/ फोटोः राकेश शर्मा 'राजदीप'

## विद्यार्थियों ने विभिन्न किस्मों के लगाए 106 पौधे




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** मेयो कॉलेज जनरल काउंसिल, अजमेर के समन्वय से संचालित सीतापुरा स्थित मयूर स्कूल जयपुर में आज पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर शहर को हरा-भरा बनाए रखने व पर्यावरण संरक्षण के लिए विद्यार्थियों ने विभिन्न किस्मों के 106 पौधे लगाए। प्राचार्या रितु शर्मा ने बताया कि इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला शिक्षाधिकारी राजेंद्र कुमार शर्मा (हंस) तथा आईसीआईसीआई बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख सौरभ जैन ने पौधरोपण कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर मुख्य अतिथि राजेंद्र शर्मा ने छात्रों को पौधरोपण, जल संरक्षण, परिश्रम व अध्ययन के महत्व तथा शिक्षकों को एक योग्य पथ प्रदर्शक बनने की सलाह दी। इसके अलावा विद्यालय के चेयरमैन राजकुमार कंदोई, डायरेक्टर नमन कंदोई ने भी छात्रों की हौसला अफजाई की। छात्रों ने पूर्ण जोश व उत्साह के साथ पौधरोपण किया।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतु का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com






# जैन मुनि की हत्या के आक्रोश में बाजार बंद, ज्ञापन देकर जताया विरोध

**बालेसर. शाबाश इंडिया**

कर्नाटक के बेलगांव में जैन संत कामकुमार नंदी की निर्मम हत्या के विरोध में बालेसर कस्बे में जैन समाज द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। जैन मंदिर बालेसर से पैदल उपखंड अधिकारी के कार्यालय तक मौन जुलूस निकाल कर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया। शेरगढ़ विधान सभा के विभिन्न गांवों से पहुंचे जैन समाज के लोग बंद के आह्वान में बालेसर, दुर्गावता, बेलवा, देवातु, सोमेसर, रायसर, तेना, जिनजिन्याला, जुडिया, एस के तला, दसानिया, भुंगरा, चाबा सहित कई गांवों से जैन समाज के लोग बालेसर एकत्र हुए। जैन संत की हत्या के साथ जैन साधु साध्वी की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया। जैन समाज के वरिष्ठ बंधुओ ने बताया की अल्पंख्यक जैन धर्म आज असुरक्षित है, समाज के संत महात्मा पैदल विचरण करते है, जिन्हे वाहन हादसे सहित कई सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसे में सरकार संत महात्मा की सुरक्षा की व्यवस्था करें।

## बाजार रहे बंद...

बालेसर बेलवा सोमेसर आदि स्थानों पर बाजार बंद रखे गए। इस प्रदर्शन में अशोक जैन, दौलत जैन, संतोष जैन, जितेंद्र दुग्गड़, पारसमल नाहटा, सहित कई समाज बंधु उपस्थित रहे।

# लाडनूं जैन समाज द्वारा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन



**लाडनूं. शाबाश इंडिया**

कर्नाटक में आचार्य कामकुमार नंदीजी की नृशंस हत्या के विरोध में व अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने तथा जैन संतो की सुरक्षा के विषय को लेकर लाडनूं की दिगंबर जैन समाज व श्वेतांबर जैन समाज के द्वारा सम्मिलित रुप से माननीय राष्ट्रपति महोदया के नाम ज्ञापन स्थानीय उप जिला मजिस्ट्रेट साहब को दिया गया। इस कार्यक्रम में दिगंबर जैन समाज व श्वेतांबर जैन समाज के पुरुष व महिलाओं ने बड़ी संख्या में मौन जुलूस के साथ शांति चौक से तहसील कार्यालय पहुंच कर उप जिला मजिस्ट्रेट महोदय को ज्ञापन सौंपा।






# दिगम्बर मुनि की हत्या के विरोध में भीलवाड़ा बंद

## हजारों लोगो ने निकाला मौन जुलूस

**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**



**भीलवाड़ा।** कर्नाटक में जैन मुनि आचार्य कामकुमार नंदी की हत्या के विरोध में सकल जैन समाज व हिन्दू संगठनों की ओर से प्रदेशव्यापी बंद के तहत गुरुवार को भीलवाड़ा बंद रहा। इस दौरान सभी संगठनों की ओर से सूचना केन्द्र से मौन जुलूस निकाला गया। प्रातः काल सूचना केंद्र पर विशाल धर्म सभा आयोजित की गई जिसमें मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज ने कहा कि सर्व समाज होने के बजाय सनातन समाज को एक होना चाहिए और हिंदू राष्ट्र होने के बजाय अहिंसक राष्ट्र होना जरूरी है। जैन समाज आज टैक्स देना बंद कर दे तो जरा सोचो क्या हो सकता। है। तेरापंथ समाज के मुनि यशवंत कुमार ने कहा कि जैन समाज में एकता का अभाव से जैन समाज में खतरा मंडरा रहा है। मुनि ने कहा की हम महावीर के वंशज हैं। अहिंसा के योगदान से जैन धर्म द्वारा भाईचारा, मैत्रीभाव, अमन- शांति का संदेश को विश्व स्तर तक बढ़ाया है। इस अवसर पर हरी सेवा धाम के महंत हंसाराम, गांधीनगर स्थित निम्बार्क आश्रम के मोहन शरण महाराज, विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री गणेश प्रजापत आदि ने एकमत में कहा कि संतों पर हो रहे अत्याचार को अब सहन नहीं किया जाएगा। जो सरकार धर्म व संत की रक्षा न कर सके उसे राजनीति छोड़ देनी चाहिए। जैन मुनि काम कुमार नंदी की हत्या के विरोध में मेडिकल सेवाएं, बाजार, स्कूल, बार एसोसिएशन ने न्यायालय में अपना काम स्थगित रखा, कृषि उपज मंडी पूरी तरह से बंद रहे। अन्य समाज के लोगों ने भी अपने प्रतिष्ठान बंद रखें। जुलूस डेढ़ किलोमीटर लंबा एक छोर सूचना केन्द्र था तो दूसरा छोर गोल प्याऊ चौराहा से आगे चल रहा था। जुलूस की अगवाई संत कर रहे थे तो पिछे महिलाएं व पुरुष चल रहे थे। महिलाएं व पुरुष अपने हाथों में तख्तिया लेकर चल रहे थे जुलूस जिला कलेक्ट्रेट पहुंचने पर सभी संगठनों की ओर से राज्यपाल राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। मंच संचालन जन आक्रोश रैली कार्यक्रम संयोजक सुभाष जैन हूमड़ ने किया। आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर अध्यक्ष नरेश गोधा ने प्रस्तावना रखा। मंच पर संत राम दास महाराज व लाला बाबा समेत अन्य संत उपस्थित थे। सकल जैन समाज के इस कार्यक्रम को लेकर पुलिस के पुख्ता प्रबन्ध थे।

# चौमू जैन समाज ने आक्रोश मौन जुलूस निकालकर ज्ञापन दिया

**चौमू. शाबाश इंडिया।** जैन समाज चौमू के तत्वाधान में कर्नाटक में दिगंबर जैन आचार्य 108 श्री काम कुमार नंदी जी महाराज की निर्मम हत्या से अहिंसा प्रेमी जैन समाज में रोष है। हत्या के विरोध एवं अन्य मांगों को लेकर प्रधानमंत्री राज्यपाल मुख्यमंत्री एसडीएम स्थानीय विधायक को ज्ञापन दिया। जैन समाज प्रवक्ता पंकज बड़जात्या ने बताया कि मुनिराज की हत्या को लेकर पूरे भारत में इसका विरोध प्रदर्शन किया गया एवं जगह-जगह मौन रैली निकाली गई एवं जैन संतों की सुरक्षा हेतु मांग की गई एवं हत्यारों को तुरंत प्रभाव से फांसी की सजा की मांग की गई जैन समाज को निर्मम हत्या से बड़ा ही शौक व्यक्त है। चौमू जैन समाज ने आक्रोश मौन जुलूस निकालकर थाने के अंदर प्रधानमंत्री राज्यपाल मुख्यमंत्री एसडीएम स्थानीय विधायक के नाम ज्ञापन दिया मौन जुलूस में बच्चे बड़े बुजुर्ग महिला पुरुष काफी संख्या में मौजूद थे एवं सभी लोगों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखें। इन सभी कार्यक्रम के दौरान जैन समाज के अध्यक्ष राजेंद्र जैन, मंत्री राजेंद्र पाटनी, अनिल जैन , नेमीचंद, सुरेश छाबड़ा, नितेश पहाड़िया, अशोक, हीरालाल, मनोज जैन, अनिल पहाड़िया, पारस पाटनी, अमित, प्रकाश चंद ,धर्म चंद, ज्ञानचंद, पदमचंद , अजय जैन, सुमन पहाड़िया, चंदा पाटनी, सुनीता चौधरी, शशि देवी, प्रभा देवी काफी संख्या में श्राविका श्रावक मौजूद थे।



# जैन मुनि की हत्या के विरोध में जैन समाज ने मौन महारैली निकालकर विरोध जताया

### संपूर्ण जैन समाज ने बंद रखे प्रतिष्ठान। जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन। राजस्थान सहित सम्पूर्ण भारतवर्ष में हुआ विरोध प्रदर्शन

**वी के पाटोदी. शाबाश इंडिया**





**सीकर।** जैन समाज द्वारा गुरुवार को कर्नाटक के बेलगांव के चौकड़ी गांव में आचार्य कामकुमार नंदी महाराज की निर्मम हत्या के विरोध में अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर विरोध प्रदर्शित किया। नया मंदिर के संजय संगही व पवन छाबड़ा ने बताया कि प्रातः स्थानीय जाट बाजार स्थित दीवान जी की नसियां में संपूर्ण जैन समाज एकत्रित हुआ जहां श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। इसके पश्चात मौन महारैली निकाली गई जो जाट बाजार से स्टेशन रोड़, अहिंसा सर्किल, कल्याण सर्किल होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंची। बड़ा मंदिर के अजीत जयपुरिया व दीवान जी की नसियां के शशि दीवान ने बताया कि समाज के प्रतिनिधियों द्वारा माननीय जिला कलेक्टर सौरव स्वामी को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री,राजस्थान के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, कर्नाटक के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर आजाद भारत के इतिहास में जैन साधु की सबसे क्रूर नृशंस हत्या पर अतिशीघ्र कार्यवाही तथा भविष्य में संपूर्ण भारत में जैन साधुओं की पूरी सुरक्षा हेतु मांग की गई। साथ ही ज्ञापन में निम्न मांगे रखी गई। उपरोक्त घटना की सी.बी.आई से जांच व फास्ट ट्रेक में सुनवाई हो। जैन साधुओं के निर्विघ्न सुलभ विहार में तथा प्रवास में समुचित सुरक्षित व्यवस्था हो। लंबे विहार में हाईवे पर हर 5-6 कि.मी. पर ठहरने की व्यवस्था हो। जैन आयोग का वक्फ बोर्ड की तर्ज पर गठन किया जाए। जैन अचल तीर्थों की पूर्ण सुरक्षा हो। मीडिया प्रभारी विवेक कुमार पाटोदी ने बताया कि गुरुवार को संपूर्ण भारतवर्ष में जैन समाज द्वारा शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर न्याय की मांग की गई। इस दौरान सीकर में भी जैन प्रतिष्ठान बंद रहे, जैन विद्यालय बंद रहा व अन्य स्कूलों में भी जैन बच्चे अनुपस्थित थे। नौकरीपेशा जैन सदस्यो ने भी कार्य से अवकाश रखा। मौन महारैली में संपूर्ण सीकर समाज के साथ फतेहपुर, धोद, रेटा, कोछोर, दूजोद, रैवासा, मुंडवाड़ा, सिहोट, किरडोली जैन समाज से सदस्य सम्मिलित हुए। आयोजन में पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी सहित विभिन्न समाज के लोगों द्वारा अपनी उपस्थिति देकर पूर्ण समर्थन दिया गया।






# जैन मुनि की हत्या के विरोध में संपूर्ण विराटनगर रहा बन्द

## विभिन्न मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को दिया ज्ञापन

**विराटनगर. शाबाश इंडिया**

कर्नाटक के चिक्कोड़ी ग्राम में स्थित नंदी पर्वत जैन मठ में पिछले दिनों हुई जैन मुनि आचार्य कामकुमार नंदी महाराज की जघन्य हत्या के विरोध में गुरुवार को कस्बे की समस्त प्रतिष्ठाने पूर्ण रुप से बंद रही। बंद के दौरान सकल जैन समाज, सर्व समाज तथा समस्त व्यापार मंडल के व्यापारियों ने अपनी प्रतिष्ठान बंद रखकर बंद का समर्थन किया। इस संबंध में कस्बा स्थित दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण में सकल जैन एवं सर्व समाज के लोग एकत्रित होकर कस्बे के मुख्य मार्गो से मेन बाजार, गणगौरी चौक, बस स्टैंड होते हुए 2 किलोमीटर दूर पैदल मार्च करते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचे। जंहा अधिकारियों के नहीं मिलने से ज्ञापन देने पहुंचे लोगों को करीब 90 मिनट उपखंड परिसर में धरने पर




बैठना पड़ा। बार-बार दूरभाष पर संपर्क करने के उपरांत तहसीलदार पिंकी गुर्जर के पहुंचने पर लोगों ने जैन संत की हुई हत्या पर उच्च स्तरीय जांच कर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करके उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने, जैन तीर्थ स्थलों की सुरक्षा करने, सकल जैन समाज के संरक्षण हेतु हर राज्यों में राष्ट्रीय कल्याण बोर्ड का गठन करने, तथा जैन संतों के पैदल विहार पर सुरक्षा उपलब्ध करवाने सहित अनेक मांगों को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि जैन संत की हत्या पर जैन सकल समाज, एवं सर्व समाज सहित संपूर्ण भारत आहत है तथा रोष व्याप्त है। इस प्रकार की घटनाओं पर सरकार तत्काल संज्ञान ले। इस दौरान दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष संतोष जैन, कुंथुनाथ श्वेतांबर जैन तीर्थ ट्रस्ट के सचिव अजय कुमार जैन, गणगौरी चौक व्यापार मंडल के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, विनोद जैन, मामराज सोलंकी, भागीरथ मल यादव, निर्मल जैन, महेश सैनी, सत्यनारायण सैनी, अभिनंदन जैन, विमल जैन, रमेश जैन, रतन जैन, हीरालाल सैनी, सोनू जैन, पदम जैन, विजय छिपा, प्रतीक शर्मा, सहित काफी संख्या में सर्व समाज के महिला पुरुष मौजूद थे।




# चेतन तीर्थ यात्रा के बैनर का विमोचन हुआ

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

भारतीय जैन युवा परिषद की ओर से आयोजित चेतन तीर्थ यात्रा के बैनर का आज प्रताप नगर सेक्टर 8 में स्थित जैन मंदिर जी में परम पूज्य आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में हुआ। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र बोहरा एवं महामंत्री रवि रावंका ने अवगत कराया कि दिनांक 13 अगस्त रविवार 2023 को चेतन तीर्थ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है ।इस कार्यक्रम के लिए मुख्य संयोजक विजय पाटनी, अनंत जैन एवं आलोक पाटनी को बनाया गया ! प्रदेश उपाध्यक्ष नेमीचंद छाबड़ा एवं विजय जैन खटवाड़ा वाले ने बताया की इस यात्रा में जयपुर शहर में हो रहे जैन चतुर्मास की दर्शनार्थ के लिए पूरे जयपुर से बसें लगाई जाएगी ! मुख्य प्रभारी जयपुर योगेश बड़जात्या एवं कोषाध्यक्ष राकेश काला ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए सभी मंदिरों से सह संयोजक के रूप में सदस्यों को जोड़ा गया है ! जिससे कि ज्यादा से ज्यादा लोग यात्रा का धर्म लाभ प्राप्त कर सके।इस अवसर पर भारतीय जैन युवा परिषद के सलहाकार विनोद जैन एवं सदस्य प्रदीप जैन,राहुल पाटनी, ममता बोहरा एवं जया जैन उपस्थित रहे प्रताप नगर संयोजक नीतू जैन एवं प्रियंका पाटनी ने उपस्थित सभी सदस्यों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया और इस कार्यक्रम में जुड़ने के लिए लोगों को प्रेरित किया।



# जैन सन्त की हत्या के विरोध में नसीराबाद बन्द सफल



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

नसीराबाद। कर्नाटक में गत 5 जुलाई को जैनाचार्य कामकुमार नंदी की हत्या के विरोध में सकल जैन समाज की ओर से गुरुवार को आयोजित नसीराबाद बंद सफल रहा। आवश्यक सेवाओं को बंद से मुक्त रखा गया।बंद के दौरान सुभाष गंज मंडी, सदर बाजार व सभी संपर्क सड़कों पर सभी व्यापारी प्रतिष्ठान बंद रहे। गुरुवार को प्रातः से ही बंद समर्थक जैन समाज के युवक व पुरुष आदि बाजार में आगए और उन्होंने वाहनों पर नगर का दौरा कर कुछ खुले प्रतिष्ठानों को बंद कराया। बंद आमतौर पर शांतिपूर्ण रहा। भारतीय जनता पार्टी ने भी बंद को अपना समर्थन दिया। भाजपा मंडल अध्यक्ष एडवोकेट महेश मेहरा ने जैन मुनि की हत्या की निंदा करते हुए हत्या की जांच सीबीआई से कराने की मांग की।

# कर्नाटक में जैन मुनि की हत्या के विरोध में टोंक शहर बंद रहा



## काली पट्टी व मोन जुलुस निकालकर कलेक्ट्री पर प्रदर्शन

### हत्यारों को फांसी दो। जैन साधु संतों की रक्षा करो

**मोहन सिंहल. शाबाश इंडिया**

टोंक। कर्नाटक मे जैन मुनि की हत्या के विरोध में सकल जैन समाज टोंक के बंद के आह्वान इसमें सर्व समाज एव श्री व्यापार महासंघ टोंक के बंद समर्थन मे सभी प्रतिष्ठान पूर्ण रूप से बंद रहे एवं समाज के लोगों ने इस हत्या के विरोध मे राष्ट्रपति मुख्यमंत्री राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। समाज के प्रवक्ता पवन कंटान व कमल सर्राफ ने बताया कि इससे पूर्व सभी लोग श्री दिगंबर जैन नसिया एकत्रित हुए विरोध स्वरूप काली पट्टी बांध कर 11:30 मोन जुलुस के रूप मे हाथो मे तख्तियां लिए जुलुस रवाना हुया जो मुख्य बाजार बड़ा कुआ होते हुए घन्टाघर होते हुए कलेक्ट्री पहुंचे जहां पर नारे लगाए गए और समाज के लोगों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया और ज्ञापन मे बेलगाम के चिक्कोड़ी के पास हिरेकोडी में जैन समाज के महान विद्वान तपस्वी गुरुदेव आचार्य श्री कामकुमार नंदी जी महाराज ने चिक्कोडी जिले के हीरे खोड़ी ग्रामीण क्षेत्र में एक गुरुकुल पाश्र्वनाथ जैन आश्रम की स्थापना की थी जिसके माध्यम से वे लगभग 15 सालों से शिक्षा का प्रसार कर ग्रामीणों के विकास एवं उत्थान का महान कार्य कर रहे थे। इस हेतु वह निकट के नंदी पर्वत आश्रम पर निवास भी कर रहे थे। 6-7 जुलाई को कुछ शैतानों ने जबरन आश्रम में घुसकर उनसे मारपीट की. करेंट लगाकर भीषण यातनाएं दी और फिर क्रूरतापूर्वक उनके शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर बर्बरता की सारी सीमाएं लांघ दीं। स्वतंत्र भारत के इस सबसे जघन्य हत्याकांड ने कर्नाटक के गौरवशाली इतिहास पर एक काला धब्बा लगा दिया है। संपूर्ण विश्व का जैन समाज इस अविश्वसनीय बर्बर घटना से बेहद दुखी होकर सदमे में है और आक्रोशित भी है कि कैसे अपने पूज्य साधुओं की सुरक्षा कर सकें? इस हत्या को अंजाम देने वाले 2 गुनाहगारों को पुलिस ने पकड़ लिया है। पूरे देश का जैन समाज आपसे निवेदन करता है कि उन दोनों एवं उनसे जुड़े सभी गुनाहगारों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाये। साथ ही जैन साधु संतों की सुरक्षा पर एक बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह निर्माण हो रहा है। लगातार होने वाली घटना को देखते हुए लगता है कि जैन समाज के साधू-साध्वी सुरक्षित नहीं है। देश-प्रदेश में अनेक जगह पर विराजित सभी जैन साधुओं को सुरक्षा हेतु ठोस कदम उठाये जाये। इस मौके पर टोंक जिला प्रमुख सरोज नरेश बंसल राजेश सर्राफ, मनीष बंसल, देवराज काला, रमेश काला, एस एम सिंहल, सुरेंद्र एडवोकेट, नवीन अलीगढ़, निर्मल छामुनिया, अशोक छापड़ा, चेतन गोटा, कुशल दासोत, भगवान भंडारी, अंकुर पाटनी, सहित हजारों की संख्या मे पुरुष व महिलाएं थीं।



# श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर एसएफएस राजावत फार्म मानसरोवर जयपुर

### आचार्य कामकुमारनंदी जी मुनिराज कि शोक संवेदना पर 2 मिनट का मौन धारण रख णमोकार महामंत्र के साथ अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखने का लिया संकल्प

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आज भारत बंद के दौरान सकल दिगंबर जैन समाज २.ा.२. द्वारा मंदिर जी में महा शांति धारा का आयोजन एवं 2 मिनट का मौन धारण रख णमोकार मंत्र के साथ आचार्य श्री की परम आत्मा को को सद्गति मिले एवं ऐसे कुकृत्य कार्य करने वाले हेवानो को नरक गति मिले की सद्भावना की ' समिति के महामंत्री सौभाग मल जैन ने बताया कि आज भारत बंद की घोषणा के दौरान मंदिर जी में प्रातः 7:30 बजे लालचंद झं'झरी महेंद्र लुहारिया अशोक कासलीवाल सौभाग मल विनोद झं'झरी राजेंद्र नरेंद्र छाबड़ा सुरेंद्र पाटनी वीरेंद्र गदिया विजेंद्र सेठी नरेंद्र शाह कमल टोंगिया श्रावको द्वारा शांति धारा की गई एवं समाज के सभी महानुभावों ने मंदिर जी में उपस्थित होकर 2 मिनट का मौन धारण रखते हुए णमोकार का जाप करते हुए सभी ने घोषणा करी कि हम सभी आज अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रख संपूर्ण कार्य



का बहिष्कार करेंगे का संकल्प लिया। सभी उपस्थित सदस्यों ने णमोकार मंत्र की माला फेरने का संकल्प लिया। अपने धर्म व धर्मायतनों की रक्षा के लिए,तीर्थों पर हो रहे अवैध कब्जों के खिलाफ,हमारे आराध्य गुरु भगवंतों की सुरक्षा की रक्षा हो।

# जैन सन्त की हत्या से आक्रोशित जैन समाज ने निकाली आक्रोश महारैली

### जैन समाज के आह्वान पर बंद रहा पिड़ावा नगर, सर्व समाज का रहा बंद में सहयोग, नारे लगाते हुए किया विरोध प्रदर्शन, सभा के आयोजन के बाद ज्ञापन सौंपा, दो मिनट का मौन रख जैन संत को विनयांजलि अर्पित की

**सौरभ जैन. शाबाश इंडिया**

पिड़ावा। नगर में गुरुवार को सकल दिगम्बर जैन समाज ने कर्नाटक में हुई जैन संत की हत्या के विरोध में सकल दिगम्बर जैन समाज अध्यक्ष अनिल चेलावत के नेतृत्व में आक्रोश महारैली निकालकर प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम कार्यालय में रायपुर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व नगर के श्री सांवलिया पार्श्वनाथ अतिशय क्षेत्र बड़ा जैन मंदिर में बड़ी संख्या में जैन समाज के धर्मावलंबी एकत्रित हुए। यहां से जोर-शोर से नारे लगाते हुए आक्रोश महारैली प्रारंभ हुई। महारैली में युवक हाथों में जैन समाज का ध्वज बैनर व झण्डियां लिए चल रहे थे। आक्रोश महारैली शहर के पिपली चौराहा, सेठान मोहल्ला, सुल्तानपुरा, सुभाष चौक, वीडियो चौराहा, नयापुरा, आजाद चौक, बस स्टैंड मार्ग होते हुए एसडीएम कार्यालय के सामने पहुंचा। जहां जैन समाज ने कड़ा विरोध प्रदर्शन किया।

## सभा में हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग

जैन समाज आक्रोश महारैली को लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे जहां सभा का आयोजन किया गया। सभा में जैन समाज



अध्यक्ष अनिल चेलावत, भूपेंद्र जैन, राकेश प्रेमी, कोमल चंद जैन, मुकेश मासूम, कवि अनिल उपहार, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रामेश्वर पाटीदार, प्रदीप जैन, संजय भैया पठारी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की कर्नाटक राज्य के बेलग्राम जिले के चिकोड़ी तालुका में जैन तीर्थ क्षेत्र नंदी पर्वत पर विराजमान जैन संत कामकुमार नंदी महाराज का 5 जुलाई को अपहरण कर निर्मम हत्या कर दी गई। हत्या की घटना सम्पूर्ण समाज को झकझोर कर देने वली है। ऋषि मुनियों के देश मे एक संत की निर्मम हत्या ने मानव सभ्यता, समाज को जो कलंकित कर दिया। आत्मा को झकझोर देने वाली अमानवीय घटना अति निंदनीय हैं। जिसके बाद रायपुर तहसीलदार को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राजस्थान के मुख्यमंत्री, कर्नाटक के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि गत दिनों कर्नाटक राज्य में स्थित बेलगांव के चिकोड़ी जिले में दिगम्बर जैन मुनि काम कुमार नन्दी महाराज की असामाजिक तत्वों ने निर्मम हत्या कर दी है। जिससे समूचे जैन समाज मे आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन में हत्या के आरोपियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर कड़ी से कड़ी सजा देने, जैन मुनियों को सभी राज्यों में सुरक्षा मुहैया करवाने, विहार के समय जैन मुनियों को सुरक्षा प्रदान करने, देश के प्रत्येक राज्य में जैन श्रमण संस्कृति आयोग का गठन करने, जैन समाज सहित समस्त समाज के संत जो आजीवन विहार पर रहते हैं उनके लिए प्रत्येक 20 किलोमीटर पर सामुदायिक आश्रय स्थल बनाने, देशभर में समस्त जैन तीर्थ मंदिर व धर्मशालाओ के संरक्षण हेतु राष्ट्रीय जन कल्याण आयोग का गठन करने की मांग की।

## जैन समाज के आह्वान पर पिड़ावा बंद रहा सफल, सर्व समाज का रहा सहयोग

कर्नाटक राज्य में जैन संत की निर्मम हत्या के विरोध में सकल जैन समाज भारत द्वारा भारत व राजस्थान बंद का आह्वान किया गया। जिसके तहत 20 जुलाई गुरुवार को सकल दिगंबर जैन समाज पिड़ावा द्वारा सभी दुकानदारों से पिड़ावा बंद रखने की अपील की गई। जैन समाज पिड़ावा के आह्वान पर सर्व समाज द्वारा पिड़ावा नगर बंद में पूर्ण रूप से सहयोग किया गया। जिसके तहत पिड़ावा नगर शांतिपूर्ण बंद रहा।





# विधान सभा में गूंजा जैन मुनि की हत्या का मामला

## समाज ने दिये विधान सभा अध्यक्ष व मंत्रियों को ज्ञापन। हत्यारों को सजा व श्रमण संस्कृति बोर्ड की माँग

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सकल जैन समाज राजस्थान की ओर से कर्नाटक राज्य में दिगंबर जैन आचार्य श्री 108 काम कुमार नंदी जी की दिनांक 5 जुलाई को निर्मम हत्या के संदर्भ में जैन समाज में अत्यंत विरोध स्वरूप 20 जुलाई को सकल जैन समाज जयपुर के आवाहन पर समस्त जैन प्रतिष्ठानों संस्थानों को बंद रखा व निजी



/राजकीय सेवाओं में कार्यरत व्यक्तियों ने स्वैच्छिक अवकाश पर रहै तथा समाज ने भट्टारक जी की नसियाँ में एकत्रित होकर आक्रोश व विरोध जताया । इस कड़ी में आज राजस्थान विधानसभा में कर्नाटक में जैन मुनि की निर्मम हत्या का मामला विधायक अशोक लाहोटी ने पुर जोर से उठाया तथा दूसरी और सकल जैन समाज जयपुर के श्रेष्ठी जनों के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा सीपी जोशी माननीय अध्यक्ष विधानसभा का ज्ञापन विधानसभा प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा को प्रस्तुत किया। स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल जी, के अलावा, कृषि मंत्री लालचंद जी कटारिया की उपस्थिति में गृह राज्य मंत्री राजेंद्र जी यादव, तथा सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली को भी ज्ञापन दिया गया । जिसमें मंत्री जूली ने शीघ्र बोर्ड गठन का आश्वासन दिया ।विधायक ललित ओसवाल मेवाराम जैन, रोहित बोहरा भी उपस्थित थे।

# जैन संत काम कुमारी नंदी महाराज की निर्मम हत्या के विरोध में रामगंजमंडी बंद को मिला सर्व व्यापार संघ का समर्थन व आक्रोश रैली निकाली






**रामगंजमंडी. शाबाश इंडिया**

जैन संत काम कुमार नंदी महाराज की निर्मम हत्या के विरोध में जैन समाज के आव्हान पर पूरी रामगंजमंडी बंद रही व एक आक्रोश रैली नगर में निकाली गई, जिसमें दोषियों के खिलाफ व संतों की सुरक्षा की मांग को लेकर जमकर आक्रोश दिखा। नगर के सभी व्यापारी वर्ग ने व समस्त रामगंजमंडी की जनता ने जैन समाज की मांग को उचित मानते हुए एवं संत हत्या के प्रति अपना रोष प्रकट करते हुए बाजार बंद रखकर अपना समर्थन प्रकट किया। आक्रोश रैली में श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर बाजार नंबर 1 से समस्त नगरवासी एवं जैन समाज के महिला पुरुष एकजुट होकर नगर के प्रमुख मार्गो से निकले एवं अपना विरोध दर्ज कराया।इस रैली में बच्चे बुजुर्ग हर कोई आक्रोश में नजर आ रहा था और विरोध प्रकट कर रहा था सबसे ज्यादा विरोध महिला शक्ति में दिखा। संतों का यह अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, सब जगह शोर है,जैन नहीं कमजोर है।संतो के हत्यारों को फांसी दो फांसी दो, जैसे नारों से रामगंजमंडी गुंजायमान थी।इस विरोध आक्रोश रैली में ग्रेन एंड सीड्स में एसोसिएशन के सदस्य बार एसोसिएशन के सदस्य व समस्त नगर के जनप्रतिनिधि, अभिभाषक परिषद, खाद्य व्यापार संघ, कोटा स्टोन एसोसिएशन,मोबाइल एवं ऑटोमोबाइल,कपड़ा, सराफा, मशीनरी,इलेक्ट्रिक,व्यापार इत्यादि संघ एवं समस्त स्वयंसेवी संगठनों ने अपना सहयोग दिया। रामगंजमंडी के सभी प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने भी मुनिहत्या के प्रति रोष जताते हुए अपने स्कूल बंद रखें। इस रैली में बच्चे भी जोश के साथ नजर आ रहे थे यह रैली बाजार नंबर 1 से शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर, स्टेशन चौराहा अंबेडकर सर्किल पन्नालाल चौराहा सरकारी कुआं चौराहा, माल गोदाम चौराहा होते हुए थाना चौराहा पर पहुंची, जहां सी.आई.मनोज कुमार को प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं कर्नाटक सरकार के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए सकल जैन समाज रामगंजमंडी ने मांग की कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो एवं जैन संतो को सुरक्षा प्रदान की जाए साथ ही जैन संरक्षण बोर्ड की स्थापना की जाए इस मामले का जल्दी निस्तारण फास्ट ट्रैक कोर्ट में रखकर किया जाए। इस बंद के समर्थन में कृषि उपज मंडी और कोटा स्टोन सहित कोर्ट में एडवोकेट्स,मोटर मार्केट एसोसिएशन, खाद्य व्यापार एसोसिएशन,,मोबाइल डीलर्स एसोसिएशन, कपड़ा व्यापार संघ, रेडीमेड एसोसिएशन, सराफा व्यापार संघ आदि ने अपना समर्थन दिया और बंद को सफल बनाया। थाना चौराहे पर संपन्न हुई इस आक्रोश रैली में प्रशांत आचार्य ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की वह जैन श्वेतांबर श्री संघ के राजकुमार पारख ने सभी संगठनों का आभार जताया जैन समाज के सभी संगठनों व विशेषकर बच्चों और महिलाओं का आभार जताया साथ ही समस्त एसोसिएशन को बंद को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। इस रैली में जैन समाज के श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन महिला मंडल, संगिनी ग्रुप, निवेदिता ग्रुप, श्री वीर जैन सोशल ग्रुप, जैन सोशल ग्रुप, श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति, बघेरवाल दिगंबर जैन मंदिर समिति व आदिनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर, वर्धमान स्थानकवासी श्री संघ के सभी सदस्यों ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया। इस रैली में हर कोई आक्रोशित दिखाई दे रहा था और साफ नाराजगी उनके चेहरे पर दिख रही थी।

अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी की रिपोर्ट

# जयकारों के बीच कुण्डलपुर में पर्वत वन्दना के साथ किये बड़े बाबा के अभिषेक




## आचार्य, मुनि -आर्यिका संघों से लिया आशीर्वाद

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन पद यात्रा संघ जयपुर के तत्वावधान में आयोजित 8 दिवसीय बुन्देलखण्ड धार्मिक यात्रा दल के सदस्य यात्रा के दौरान धार्मिक गतिविधियों सहित भगवान महावीर के सिद्धांतों एवं अहिंसा शाकाहार का प्रचार प्रसार कर जनमानस को जागृत करते हुए गुरुवार को सिद्ध क्षेत्र कुण्डलपुर में पर्वत वन्दना के साथ बड़े बाबा आदिनाथ के अभिषेक किए। इस मौके पर पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। संरक्षक सुभाष चन्द जैन, मुख्य संयोजक अमर चन्द दीवान खोराबीसल संयोजक, सुरेश ठोलिया, विनोद जैन कोटखावदा , मनीष लुहाड़िया, पवन जैन नैनवां के नेतृत्व में बड़े बाबा के पर्वत स्थित मंदिर में प्रातः अभिषेक, शांतिधारा तथा सायंकाल संगीतमय महा आरती की गई। रात्रि में धार्मिक हाऊजी के माध्यम से जैन धर्म की ज्ञान वर्धक जानकारी यात्रियों को दी गई। संयोजक विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि गुरुवार,20 जुलाई को प्रातः कुण्डलगिरी की सामूहिक पर्वत वन्दना करते हुए बड़े बाबा आदिनाथ भगवान के सामूहिक दर्शन लाभ,अभिषेक, शांतिधारा का पुण्यार्जन किया। इससे पूर्व यात्रा दल ने अतिशय क्षेत्र पपौरा जी में संघ के संरक्षक सुभाष चन्द जैन एवं यात्रा के मुख्य संयोजक अमर चन्द दीवान खोराबीसल, संयोजक सुरेश ठोलिया, विनोद जैन कोटखावदा, मनीष लुहाड़िया,पवन जैन नैनवां के नेतृत्व में मंदिरों के सामूहिक दर्शन अभिषेक,शांतिधारा के बाद भक्ति भाव से सामूहिक पूजा की गई। इस मौके पर यात्रियों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई तथा भक्तिमय नृत्य किए गए। संयोजक विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि इससे पूर्व धार्मिक यात्रा दल ने भुसावर में मुनि युधिष्ठिर सागर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। भरतपुर दिगम्बर जैन नसियां के दर्शन पश्चात ज्ञान तीर्थ मुरैना पहुंचे जहा आचार्य ज्ञेय सागर महाराज ससंघ का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री जैन ने बताया कि सोमवार को सिद्ध क्षेत्र श्री सोनागिर जी में पर्वत पर मुख्य मंदिर में भगवान चन्द्र प्रभू,शीतल नाथ,पार्श्वनाथ नाथ के अभिषेक,शांतिधारा की गई। इस मौके पर गणिनी आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी के आशीर्वचन प्राप्त हुए। विशाल धर्मशाला में मुनि पुण्य सागर जी महाराज के आशीर्वचन प्राप्त हुए। श्री जैन ने बताया कि सोनागिर जी से रवाना होकर करगुंवा जी के दर्शन लाभ कर सिद्ध क्षेत्र पावागिरिजी पहुंचे जहां मंदिर दर्शन एवं वन्दना के बाद भगवान पार्श्वनाथ की महाआरती की गई। इस मौके पर शिरोमणि श्राविका सुशीला पाटनी आर के मार्बल किशनगढ़ ने भी क्षेत्र पर दर्शन लाभ प्राप्त किए। श्रीमती पाटनी से मुलाकात कर उन्हें राजस्थान जैन सभा जयपुर द्वारा प्रकाशित महावीर जयंती स्मारिका सभा के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन एवं मंत्री विनोद जैन कोटखावदा के नेतृत्व में भेट की गई। इस मौके पर कार्यकारिणी सदस्य अमर चन्द दीवान खोराबीसल,मीना चौधरी सहित पदयात्रा संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे। तत्पश्चात अतिशय बंधा जी के दर्शन वन्दना करते हुए अतिशय क्षेत्र पपौरा जी पहुंचे। संरक्षक सुभाष चन्द जैन ने बताया कि प्रातःकालीन भोजन के बाद यात्रा दल अहार जी के दर्शन लाभ प्राप्त कर बडा गांव पहुंचे जहां मुनि विश्रांत सागर महाराज ससंघ से आशीर्वाद प्राप्त किया। द्रोणगिरी पर्वत की सामूहिक वन्दना करते हुए रात्रि विश्राम हेतु नैनागिरि पहुंचें । मुख्य संयोजक अमर चन्द दीवान खोराबीसल ने बताया कि बुधवार को यात्रा दल नैनागिरी,बण्डा नेमगिरी,,गढा कोटा होता हुआ कुण्डलपुर पहुचा जहां गुरुवार को पर्वत वन्दना करते हुए बड़े बाबा आदिनाथ के दर्शन लाभ, अभिषेक,शांताधारा,पूजा अर्चना की गई। सायंकाल में बीना बारहा में भगवान शांतिनाथ के दर्शन लाभ प्राप्त किए तथा आचार्य विद्यासागर महाराज की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से स्थापित हथकरघा में कपड़ा बनाने की प्रक्रिया देखी। रात्रि विश्राम ललितपुर में किया। संरक्षक सुभाष चन्द जैन ने बताया कि शुक्रवार को देवगढ,चन्देरी,खण्डार गिरी के दर्शन लाभ प्राप्त करते हुए गोलाकोट पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। शनिवार को गोलाकोट में भगवान आदिनाथ के मस्तकाभिषेक करेंगे। दोपहर बाद थुबोन जी, बजरंगगढ़ के दर्शन लाभ करते हुए चांदखेड़ी में रात्रि विश्राम करेंगे। संयोजक विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि रविवार ,23 जुलाई को बिजोलिया, जहाजपुर स्वस्तिधाम होते हुए देर रात्रि में जयपुर लोटेगा।






# जैन संतों के सानिध्य में हुई जन आक्रोश सभा

## आचार्य विवेक सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में छोटा धड़ा नसियां से विशाल मौन रैली पहुंची सभा स्थल पर



**अनिल पाटनी. शाबाश इंडिया**

**अजमेर।** कर्नाटक में दिगंबर जैनाचार्य काम कुमार नंदी महाराज की हत्या के विरोध में गुरुवार को राजस्थान भर के व्यापारिक प्रतिष्ठान आधे दिन बंद रहे व कई शहरों में बंद पूरे दिन का रखा गया। दिगम्बर, श्वेतांबर जैन समाज के संतों ने भी हत्या का विरोध जताया। गुरुवार को आचार्य विवेक सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में विशाल जुलूस छोटा धड़ा नसियां से प्रारंभ होकर नया बाजार चौपड़ पहुंचा वहां एक विशाल आक्रोश सभा हुई सभा को जैनाचार्य विवेक सागर जी महाराज, मुनि वैराग्य सागर, मुनि अर्पित सागर, मुनि संकल्प सागर, मुनि सद्भाव सागर, सौम्य दर्शन जी मुनि, हरीश जी मुनि आदि ने संबोधित किया। सभी जैन संतों का कहना रहा कि हम तो अहिंसा का पाठ पढ़ाते हैं और हमारे ही संत की निर्मम हत्या की गई है। समाज को उसका प्रतिकार करना चाहिए। जैन संतों और समाज के प्रतिनिधियों ने सवाल उठाया कि कर्नाटक की सरकार इस मामले की जांच सीबीआई से क्यों नहीं करवा रही है। उन्होंने कहा कि जब राज्य सरकार को कोई डर नहीं है तो फिर मामले की जांच सीबीआई से करवानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पहले तो साधु संतों को सुरक्षा देने में विफल रही और अब मामले की जांच सही तरीके से भी नहीं की जा रही है। राज्य सरकार को कर्नाटक में ऐसा माहौल बनाना चाहिए जिसमें साधु संत ही नहीं आम व्यक्ति भी अपने आप को सुरक्षित समझे। देश भर में जैन समुदाय का रोष बताता है कि कर्नाटक की घटना से देशभर में गुस्सा है। यहां यह उल्लेखनीय है कि गत 6 जुलाई को कर्नाटक के बेलगाम जिले के चिक्कोडी तालुका के हीरेकोडी गांव स्थित नंदी परबत आश्रम में जैन संत कामकुमार नंदी की निर्मम हत्या की गई। आरोप है कि नारायण माली और उसके साथी हसन दलायत ने पहले जैन संत के बिजली का करंट लगाया और फिर तौलिये से गला घोंट दिया। मृत्यु के बाद शव के टुकड़े टुकड़े किए गए। बाद में इन टुकड़ों को एक बोरे में भर कर बाइक पर 35 किलोमीटर दूर ले जाया गया। यहां शव के टुकड़ों को एक बोरवेल में डालने का प्रयास किया ताकि हत्या के सबूत मिटाए जा सके। इस निर्मम हत्या को लेकर जैन समाज ही नहीं सर्वसमाज में नाराजगी है। यही वजह रही कि 20 जुलाई को जब व्यापारिक प्रतिष्ठानों को बंद करने का निर्णय जैन समाज द्वारा लिया गया तो प्रदेश भर में अन्य समाजों ने भी एकजुटता दिखाते हुए अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। सभा में महासंघ अध्यक्ष प्रमोद सोनी, उपमहापौर नीरज जैन, विजय जैन पार्षद नितिन जैन व रूबी, जैन, कमल गंगवाल, विजय पांड्या व मित्र मण्डल के सदस्यगण, जैन, मुनि संघ सेवा समिति के अध्यक्ष सुशील बाकलीवाल,प्रकाश पाटनी, कोमल लुहाड़िया, विनय पाटनी, नितिन दोसी, नरेन्द्र गोधा, पदम चन्द सोगानी,नीरज पाटनी, ललित पाण्डया, अंकित पाटनी, योगेश बाकलीवाल पुखराज पहाड़िया विनोद दाबरिया धर्मेश जैन पुखराज काठेड ,गौतम जैन, हेमंत जैन, विकास जैन, सुनील जैन, डॉक्टर जेसी वेद, राजू चोरड़िया, विकेश जैन, प्रदीप पाटनी, सहित सकल जैन समाज के हजारों गणमान्य उपस्थित थे सभा का सराहनीय संचालन प्रकाश जैन पाटनी ने किया सभा समापन पश्चात सकल जैन समाज के गणमान्य बन्धुओं ने कलेक्टर साहब को ज्ञापन सौंपा।



# आज सम्पूर्ण ब्यावर बंद सफलता पूर्वक रहा

**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**





ब्यावर। जैन एकता मंच के अध्यक्ष संजय नाहर ने बताया कर्नाटक में हुई जैन संत की निर्मम हत्या के विरोध में एवं सम्पूर्ण भारत में विचरण करने वाले सभी धर्मों के साधु-संतो साध्वियों की सुरक्षा सहित विभिन्न मांगो को लेकर सम्पूर्ण राजस्थान बंद के क्रम में आज गुरुवार 20 जुलाई 2023 को ब्यावर बंद का आह्वान किया गया है। मंच के मिडिया प्रभारी विमल मकाणा ने बताया की आज ब्यावर बंद को सफल बनाने के लिए सम्पूर्ण समाज बन्धुओ व ब्यावर वासियों की अलग अलग टीम बना कर अलग अलग एरिये मे दो पहिये वाहन से घूम घूम कर सभी दुकानदारों से विनम्रता पूर्वक आग्रह करके बंद के लिए निवेदन किया गया आज का यह ब्यावर बंद सकल जैन समाज, जैन एकता मंच व सर्व समाज के तत्वाधान मे आयोजन किया गया मंच के महासचिव महावीर बाफना व दिगंबर समाज के अध्यक्ष धमीचंद रावका ने बताया की आज बंद के दौरान पांच बत्ती से सर्व समाज के व्यक्तियों के नेतृत्व मे विशाल रैली के रूप मे उपखण्ड कार्यालय मे पहुंचा वहा उपखण्ड अधिकारी को एक ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति महोदया, प्रधानमंत्री महोदय केंद्रीय ग्रहमंत्री सहित मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन दिया गया ज्ञापन मे जैन एकता मंच, सकल जैन समाज व सर्व समाज द्वारा ज्ञापन मे अपनी विभिन्न मांगो को लेकर....साधु संतो पर हत्याचार नहीं सहेगा हिंदुस्तान,.....महावीर का यह संदेश जिओ ओर जीने दो......संतो के हत्यारो को फांसी दो फांसी दो .नारे लगाते हुए बाजार से उपखण्ड कार्यलय पहुंचे आज के इस सम्पूर्ण बंद मे आवश्यक सेवाओं - अस्पताल, मेडीकल स्टोर कॉलेज स्कूलआदि को मुक्त रखा गया है। आज के इस सफल बंद को सकल जैन समाज, जैन एकता मंच, ब्यावर व्यापार संघ, ब्यावर डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिऐशन, श्रीमद् भगवंत परिवार, प्रभात फेरी, जनाधिकार मंच, ब्यावर पुस्तक व्यवसाय संघ, हेल्प क्लब, गौभक्त मण्डल, बार एसोसिऐशन संस्था , किराणा एसोसिऐशन, उपभोक्ता कल्याण परिषद्, चांग गेट व्यापार संघ, पाली बाजार व्यापार संघ, चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स, दी क्लॉथ मर्चेंट होलसेल, दी रिटल वस्त्र ब्यापार संघ, दी रिटेल क्लॉथ ब्यापार संघ, लघु उधोग भारती, लघु उद्योग संघ चेम्बर ऑफ कॉमर्स ब्यावर दी वूल मर्चेंट एसोसिएशन,बयावर उद्योग मंडल,पावरलूम एसोसिएशन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन,भारत विकास परिषद भारत विकास परिषद विवेकानंद, लायंस क्लब ब्यावर सिटी ,क्लासिक, डायमंड,ज्वेलरी एसोसिएशन पाली बाजार एसोसिएशन,श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति, ब्यावर श्री वर्द्धमान पीजी गर्ल्स कॉलेज, बीएल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, वर्द्धमान इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग एंड मेकअप आर्टिस्ट, वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल एवं श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्या पीठ अग्रवाल समाज,माहेश्वरी समाज, साहू समाज, माली समाज,, प्रजापति समाज , कुमावत समाज,रेगर समाज, सिख समाज, वाल्मीकि समाज, स्वर्णकार समाज, यादव समाज, रावत समाज, राजपूत समाज,मुस्लिम, भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस पार्टी, आम पार्टी,ए बी वी पी,एन.एस.यू.आई, अंतराष्ट्रीय विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, शिव सेना कांग्रेस सेवादल क्षेत्रीय पीपा समाज, सोनी समाज,सभापति उपसभापति सहित पार्षदो, टैक्सी एसोसिऐशन सहित विभिन्न सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक, व्यापारिक संगठन आदि का पूर्ण समर्थन रहा आज के इस बंद के आयोजन मे विधायक शंकर सिंह पारस पंच, राजेन्द्र ओस्तवाल, महेन्द्र सांखला, धमीचंद रांवका, रमेश बंसल,संजय नाहर एडवोकेट मनमोहन महेंद्र बोहरा मेहता,महावीर बाफणा, सभापति नरेश कनोजिया उप सभापति रिखब खटोड,संजय घीया प्रकाश मकाणा दिलीप बाबेल डॉ नरेन्द्र पारख,राजू सेठिया, उत्तम भंडारी बाबूलाल जी अजमेरा, सुनील जी मून्दड़ा, कमल लोढ़ा, रवि मैडतवाल हनुमान प्रसाद चौहान,हेमंत चौहान, मुकेश सोनी कमल छाजेड, शैलेन्द्र नाहर,संजय घीया सुनील मेहता, विमल मकाणा, सुशील छाजेड,प्रिंस मकाणा,प्रकाश पहलवान तुलसी भाई रंगवाला सुरेश चंद कांकरिया, रतनसिंह मेहता, अनिल डोसी, उत्तमचंद लोढ़ा, प्रकाश पाटनी, कैलाश बड़जात्या, सिद्धार्थ फागीर्वाल,अशोक काला, अमित गोधा ,प्रकाश झांझरी, विनोद जैन,गौतम संचेती, प्रवीण बड़ौला, महेन्द्र बोहरा, चंद्र प्रकाश गोधा, वीरेंद्र गोधा , संतोष कासलीवाल ,दुलीचंद मकाणा, अरिहन्त कांकरिया, मनीष भण्डारी, ललित कांकरिया, दिनेश अजमेरा राकेश सिशोदिया, विनोद कोठारी,पदम सोनी, जितेंद्र ढोलिया धीरज कासलीवाल पवन पाटनी सुरेश रांका, पदम्‍ लोढ़ा, ललित कावड़िया सुशील छाजेड़, सम्पत बांठिया, रुपेश कोठारी संजय जैन अंकुश बोहरा,रितेश फागीवाल,इमाम साहब अब्दुलाह नईम साहब पुर्व पार्षद हारून भाई छिपा रफीक भाई छिपा, पुर्व पार्षद लियाकत अली, पार्षद अब्दुल मजीद कुरैशी , व्यपार मंडल के अध्यक्ष शकील अहमद मैवाफरोश मुहम्मद अली रेहमानी जाकीर भाई, सामाजिक नेता पप्पू पहलवान, अजहर भाई अजीज साहब शरीफ भाई इमरान भाई सिलावट, शाबाज भाई सिलावट सभी ने बंद मे अपना पूर्ण सहयोग दिया।

## हत्या के विरोध में जुलूस निकाला गया एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन तहसीलदार को दिया गया



**श्री महावीर जी. शाबाश इंडिया।** राजस्थान जैन सभा के तत्वावधान में श्री महावीर जी सकल जैन समाज द्वारा श्री महावीर जी मंदिर के सरस्वती भवन में एक धर्म सभा आयोजित की गई5-6 जुलाई को कर्नाटक में जैनाचार्य परम पूज्य कामकुमार नन्दी जी महाराज के अपरहण के बाद हत्या के विरोध में जुलूस निकाला गया एवं राष्ट्रपति महोदय के नाम ज्ञापन तहसीलदार जी को दिया गया। इस अवसर पर सकल जैन समाज श्री महावीर जी अध्यक्ष ज्ञान चंद कासलीवाल, मंत्री संजय छाबड़ा, प्रवक्ता पण्डित मुकेश जैन शास्त्री आदि अनेक श्रावक उपस्थित रहे।

## सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली को सकल जैन समाज ने दिया ज्ञापन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** कर्नाटक में हाल ही में हुई जैन मुनि काम कुमार नंदी महाराज की जघन्य हत्या के विरोध एवं राज्य में जैन समुदाय के हितों की रक्षार्थ श्रमण संस्कृति बोर्ड के गठन की मांग को लेकर आज राजस्थान सरकार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली को सकल जैन समाज, राजस्थान के बैनर तले ज्ञापन सौंपते हुए जैन समाज के प्रतिनिधिगण। प्रतिनिधिमंडल में जयकुमार जैन- बड़जात्या, ज्ञानचंद झांझरी, प्रदीप जैन लाला, लोकेश जैन, रवि जैन, कमलेश जैन, नरेश कासलीवाल, पदम बिलाला आदि सहित एक दर्जन जैन बंधु शामिल रहे।